सूर्योदय प्रातः 6:31 सूर्यास्त संध्या 5:17 पखवाड़ा पौष शु. षष्ठी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 22° न्यूनतम 09°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, रविवार, 05 जनवरी 2025, वर्ष : 15, अंक : 321, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

# 'पंचायत से संसद 2.0' का आयोजन करेगा राष्ट्रीय महिला आयोग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अनुसूचित जनजातियों से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को संसद में लाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग 'पंचायत से संसद 2.0' की शुरुआत करने जा रहा है। लोकसभा सचिवालय और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किये जानेवाले विशेष कार्यक्रम 'पंचायत से संसद 2.0' में देश भर से 500 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि भाग लेंगी। यह कार्यक्रम 06 जनवरी को आयोजित किया जायेगा।

शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित होनेवाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश के 22 राज्यों का प्रतिनिधित्व करनेवाली अनुसूचित जनजातियों की 500 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि भाग लेंगी।

यह कार्यक्रम एक ऐतिहासिक होगा। यह सम्मानित आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर भी



आयोजित हो रहा है। उनकी स्थायी विरासत का सम्मान करते हुए, यह कार्यक्रम आदिवासी महिला नेताओं की नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने और उन्हें अपने समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास है।

इस पहल को महिला सशक्तीकरण के लिए मील का पत्थर बताते हुए रहाटकर ने कहा कि यह पहल जमीनी स्तर पर महिला नेताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। उन्हें संवैधानिक सिद्धांतों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन तंत्र से अवगत करा कर, हमारा लक्ष्य उन्हें प्रभावशाली नेतृत्व के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करना है। महिला नेता एक विकसित भारत के निर्माण में महत्त्वपूर्ण हैं और यह कार्यक्रम उनकी यात्रा का समर्थन करने के लिए एनसीडब्ल्यू की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में आयोजित होने वाले तकनीकी सत्र में राष्ट्रीय नेता मार्ग दर्शन करेंगे। भाग लेने वाले प्रतिभागी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम और महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिलेंगे।

प्रतिभागी ऐतिहासिक लोकसभा कक्षों, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे।

रहाटकर बताया कि इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया जायेगा। उन्होंने ने कहा कि 'यह बहुत गर्व और विशेषाधिकार का क्षण है कि राष्ट्रपति ने इन महिलाओं को राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया है।

## शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,223.11 | -720.60 (-0.90%) |
| निफ्टी | 24,004.75 | -183.90 (-0.76%) |

## सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 77,650.00 |
| चांदी | 990.00 |

## एक झलक

### जयंत एन. खोबरागड़े पोलैंड में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 1995 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जयंत एन. खोबरागड़े को पोलैंड में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। खोबरागड़े वर्तमान में आसियान में भारत के राजदूत हैं। विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि उम्मीद है कि वह जल्द ही अपना कार्यभार सम्भाल लेंगे।

### दिल्ली विस चुनाव... भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की पहली सूची

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। महत्त्वपूर्ण नयी दिल्ली विधान सभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा आप से बगावत कर के भाजपा में शामिल होनेवाले कैलाश गहलोत को बिजवासन सीट से टिकट दिया गया है। 29 उम्मीदवारों की सूची में भाजपा ने आदर्श नगर सीट से राज कुमार भाटिया, बादली सीट से दीपक चौधरी, नयी दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा, कालकाजी सीट से रमेश बिधूड़ी, बिजवासन सीट से कैलाश गहलोत, मालवीय नगर सीट से सतीश उपाध्याय, गांधीनगर सीट से अरविन्दर सिंह लवली, रोहिणी सीट से विजेंद्र गुप्ता, करोल बाग सीट से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन सीट से मनजिंदर सिंह सिरसा, जनकपुरी सीट से आशीष सूद को टिकट दिया है।

### कांग्रेस ने ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के लिए चादर रवाना की

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस की ओर से ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेर के उर्स के मौके पर चादर रवाना की गयी। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चादर रवाना करते हुए कहा कि इंतेहाई अक़ीदत व एहतराम के साथ मैं ख़्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी (रह.) के 813वें उर्स मुबारक के मौके पर अपनी और पार्टी की ओर से चादर रवाना करते हुए खुद को बेहद खुशकि स्मत महसूस कर रहा हूं। कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते आज उस परम्परा को निभाने का मौका मिला, जो साल-दर-साल हमारी पार्टी निभाती है।

### जवान ने सूरत एयरपोर्ट पर गोली मार कर की खुदकुशी

**सूरत :** सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर ड्यूटी कर रहे केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान किशन सिंह ने सरकारी राइफल से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। सूरत हवाईअड्डे के बाथरूम में शनिवार दोपहर सीआईएसएफ के जवान ने खुद को सरकारी राइफल से गोली मार ली। गोली की आवाज सुन कर अन्य जवान बाथरूम की ओर दौड़े, लेकिन बाथरूम का दरवाजा बंद था।

## अंदर के पन्नों पर

3 आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने...
5 दो दिवसीय श्याम अमृत महोत्सव को लेकर...
7 हत्या के 05 आरोपी गिरफ्तार, हथियार...
9 राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-2025...
10 सिडनी टेस्ट में भारत 145 रन से आगे...

# भारत में ग्रामीण गरीबी घट कर 05% से भी कम हुई : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 05 प्रतिशत से नीचे आ गयी है।






प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरुआत भारत की विकास यात्रा को दर्शाती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकर्ताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आयी है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में ग्रामीण गरीबी घट कर 05 प्रतिशत से भी कम हो गयी है।

कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे, लेकिन अब वास्तव में गरीबी कम हो गयी है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है।

● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय पुष्प प्रदर्शनी की झलकियां साझा कीं

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय पुष्प प्रदर्शनी की झलकियां साझा कीं। मोदी ने कहा कि इस शो से उनका गहरा लगाव है, क्योंकि मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इसे बढ़ते देखा है। इस तरह के शो प्रकृति की सुन्दरता का जश्न मनाते हैं और स्थिरता के बारे में जागरूकता को प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, 'अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय पुष्प प्रदर्शनी की कुछ झलकियां यहां दी गई हैं।



### आज दिल्ली को देंगे 12,200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी रविवार को दिल्ली में रेल, मेट्रो और स्वास्थ्य से जुड़ी 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 05 जनवरी को दोपहर करीब 12:15 बजे दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11 बजे गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से दिल्ली के न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी करेंगे। बयान के अनुसार क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होनेवाले इस अवसर पर प्रधानमंत्री साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर हिस्से का उद्घाटन करेंगे, जिस पर लगभग 4,600 करोड़


● शेष पृष्ठ 11 पर

# मोदी सरकार ने 10 साल में दिल्ली में 68 हजार करोड़ की आधारभूत संरचना के काम किये : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का काम किया है। मोदी सरकार ने 10 साल में दिल्ली में 68 हजार करोड़ रुपये के आधारभूत संरचना के काम किये हैं।

अमित शाह नयी दिल्ली में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास 'सुषमा भवन' और एडवांस पशु केयर सेंटर का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। छात्रावास का नाम पूर्व विदेश मंत्री एवं भाजपा नेत्री सुषमा स्वराज के नाम पर रखा गाय है। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि सुषमा स्वराज को हमेशा भाजपा के महान नेताओं में से एक के रूप में याद किया जाएगा। भारत के संसदीय



राजनीति के इतिहास में वे उन नेताओं में से एक हैं जो एनडीए-1 और एनडीए-2 दोनों सरकारों में महत्वपूर्ण विभागों की मंत्री रहीं। इस देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा स्वराज को विदेश मंत्री या स्वास्थ्य मंत्री के रूप में नहीं जानेगा, बल्कि उन्हें एक संघर्ष करने वाली विपक्ष की नेत्री के रूप में याद रखेगा।

उन्होंने कहा कि यह सुषमा जी ही थीं, जिन्होंने संसद में यूपीए-2 के 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले को संसद भवन में उजागर किया था। वह एक उदाहरण हैं कि एक विपक्ष का नेता कैसा होना चाहिए। मैं चाहूंगा कि सभी विपक्ष के नेता उनके काम का अध्ययन करें और उनके जैसे ही दिशा में काम करना शुरू करें। उन्होंने कहा, 'विपक्ष के नेता का पद लोकतंत्र में कितना महत्त्वपूर्ण होता है, इसका जब उदाहरण दिया जायेगा, तब सुषमा जी को जरूर याद किया जायेगा।'

शाह ने एनडीएमसी क्षेत्र में तमाम विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद से नरेन्द्र मोदी ने देश के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह भवन प्रधानमंत्री के अर्बन डेवलपमेंड का उदाहरण है। शाह ने आम आदमी पार्टी

● शेष पृष्ठ 11 पर

### सेना का वाहन खाई में गिरा, चार जवान बलिदान

**बांदीपोरा :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार जवानों का बलिदान हो गया, जबकि दो घायल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना जिले के एसके पायीन इलाके में हुई। सेना का वाहन सड़क से फिसलकर पास की खाई में गिर गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया गया था। एमएस बांदीपोरा अस्पताल के डॉ. मसरत ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए छह में से पांच सैन्य कर्मियों को अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से दो को मृत घोषित

● शेष पृष्ठ 11 पर

### ऑटो व धान से लदी ट्रक की आमने सामने भिड़ंत, चार की मौत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दुमका :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर दासोरायडीह के समीप स्थित पेट्रोल पम्प के पास ऑटो और धान लदी ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 02 महिला सहित 04 की मौत हो गयी। घटना में ऑटो सवार 06 से ज्यादा सवार घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां 01 युवती, 01 महिला सहित 04 को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

● शेष पृष्ठ 11 पर

# मणिपुर में ताजा हिंसा को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने मणिपुर में ताजा हिंसा के लिए केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने दोहराया है कि मणिपुर की समस्या को सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री को सभी राजनीतिक दलों के साथ मिल बैठ कर सार्थक कोशिश करनी चाहिए।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि मणिपुर में हाल ही में एक बार फिर हिंसा की वारदात देखने को मिली है। इस बार



भीड़ ने पुलिस अधीक्षक पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप कांगपोकपी जिले में कई लोग घायल हो गये। खड़गे ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस घटना पर खेद जताया है। लेकिन, यह उनके लिए शर्मनाक है। प्रधानमंत्री के मणिपुर का दौरा नहीं करने के अवसरों को वहां के मुख्यमंत्री अपने तरीके से समय-समय पर भुना रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार चुनावी बेला में जनवरी 2022 में प्रचार के लिए मणिपुर गये थे। राज्य में 03 मई 2023 को हिंसा भड़क उठी। 600 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं और सैटेलाइट इमेज के जरिये मीडिया रिपोर्ट्स से

● शेष पृष्ठ 11 पर

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, छह की मौत

**विरुधुनगर :** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना से वहां पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। यह विस्फोट कितना जबरदस्त था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फैक्टरी के चार कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गये हैं। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने वहां से छह लोगों के शव बरामद किये हैं।

# भाकपा माओवादी बच्चा सिंह गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड में भाकपा माओवादियों के षड्यंत्र मामले में एक मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है।

एनआईए से आधिकारिक रूप से मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के बोकारो जिले के गोविंदपुर निवासी बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। वह (आरसी-03/2023/एनआईए/आरएनसी) मामले में एफआईआर में आरोपित है। एनआईए ने अगस्त 2023 में



यूए(पी) अधिनियम और सीएलए अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आनंदपुर पुलिस से मामला अपने हाथ में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि बच्चा सिंह मजदूर संगठन समिति (एमएसएस) का सचिव था, जिसे वर्तमान में झारखंड राज्य सरकार ने सीएलए अधिनियम के तहत प्रतिबंधित कर दिया है। आरोपित प्रतिबंधित भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। वह संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देने और झारखंड और अन्य स्थानों में इसकी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन संग्रह में शामिल था।

यह मामला मूल रूप से जुलाई 2022 में झारखंड के चाईबासा जिले में तीन भाकपा माओवादी कैडरों की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय पुलिस

● शेष पृष्ठ 11 पर

# भारत के परमाणु कार्यक्रम के निर्माता डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का निधन

एजेंसी

**मुंबई :** भारत सरकार के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार और परमाणु वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम (88) का शनिवार को तड़के 3.20 बजे मुंबई के जसलोक अस्पताल में निधन हो गया। परमाणु वैज्ञानिक चिदंबरम पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और उनका इलाज जसलोक अस्पताल में चल रहा था।

परमाणु वैज्ञानिक चिदंबरम भारत के परमाणु इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण व्यक्ति थे, जिन्होंने 18 मई, 1974 को देश के पहले परमाणु परीक्षण, पोखरण एक (ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा) और 1998 में दूसरे, पोखरण दो (ऑपरेशन शक्ति) दोनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। उनके योगदान के लिए उन्हें 1975 में पद्म श्री और 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

1936 में चेन्नई में जन्मे चिदंबरम चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज के पूर्व छात्र थे। उन्होंने 1962 में भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (बीएआरसी) में शामिल होने से पहले बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान में पीएचडी की।

बीएआरसी में उनका करियर 1990 में निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति के साथ समाप्त हुआ। 1993 में वह परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष बने, जिस पद पर वह 2000 तक रहे।

अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, भारत ने 1998 में परमाणु परीक्षणों की अपनी दूसरी श्रृंखला का संचालन किया, जिसने देश की रणनीतिक परमाणु क्षमताओं को मजबूती से स्थापित किया। चिदंबरम भारत-



अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते थे, जिसने वैश्विक परमाणु समुदाय के भीतर भारत के अलगाव को समाप्त कर दिया।

2002 में उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के बाद देश के दूसरे प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में कार्यभार सम्भाला और 2018 तक इस पद पर रहे। इस अवधि के दौरान, उन्होंने कई वैज्ञानिक प्रगति का नेतृत्व किया, जिसमें ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के लिए ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्रवाई समूह, साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सोसाइटी फॉर इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजेक्शन एंड सिक्योरिटी और भारत भर में शैक्षणिक और शोध संस्थानों को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क जैसी पहल शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स प्लेटफार्म पर अपना दुख व्यक्त किया, 'डॉ राजगोपाल

● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री ने डॉ. राजगोपाल के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मोदी ने कहा कि डॉ. राजगोपाल चिदंबरम भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक एवं सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, 'डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दु:ख हुआ। वह भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आनेवाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।'

उल्लेखनीय है कि डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का जन्म 11 नवम्बर, 1936 को चेन्नई में हुआ था। चिदंबरम का शनिवार मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। उन्होंने पोखरण-I (1975) और पोखरण-II (1998) के परमाणु परिक्षणों में अहम भूमिका निभायी थी। चिदंबरम को 1975 और साल 1999 में पद्मश्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

## एक झलक

### जयन्ती देवी को बुढ़मू प्रखंड मुखिया संघ का बनाया गया अध्यक्ष



**बुढ़मू :** गुरूगाई मुखिया जयंती देवी को बुढ़मू प्रखंड मुखिया संघ का अध्यक्ष बनाया गया। शनिवार को बुढ़मू में बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के सभी 14 पंचायत के मुखिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मति से पुराना मुखिया संघ का विघटन कर जयंती देवी को अध्यक्ष, सीता देवी को सचिव और ललिता देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। दशरथ उरांव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन कुशेन्द्र पाहन ने किया। मौके पर सचिन पाहन, गंगोत्री देवी, देवलाल पाहन, रामवृत मुंडा, अनूपा उरांव, सुमित्रा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### आधार पंजीकरण एवं अद्यतनीकरण शिविर का होगा आयोजन

**रामगढ़ :** जिला आधार निगरानी समिति कि बैठक में उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में 0–5 वर्ष के सभी बच्चों एवं गर्भवती-धात्री माताओं के आधार पंजीकरण एवं अद्यतनीकरण शिविर का आयोजन दिनांक तीन जनवरी से सभी प्रखण्ड रामगढ़ जिला के पंचायत भवनों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक किया जा रहा है। इस कड़ी में छह जनवरी को चितरपुर के बोरोबिंग, दुलमी के होन्हे और ईचातु, गोला के हेसापोड़ा, राकुवा, संग्रामपुर, नावाडीह और साडम, माण्डू के केदला दक्षिणी, सोंडीहा, छोटकीडुंडी, हेसागढ़ा, बड़काचुंबा, बारुघुटु मध्य, आरा उत्तरी और पतरातू के सांकी, कटिया पंचमंदिर में शिविर लगेगा। वहीं सात जनवरी को चितरपुर के चितरपुर पूर्वी, दुलमी के सिरु और उसरा, गोला केसोसोकला, सूतरी, ऊपरबरगा, हुप्पू और बरियातू, माण्डू के लइयो दक्षिणी, रतवे, आरा दक्षिणी और बसंतपुर, पतरातू के सुंदरनगर और बुधबाजार दोतल्ला में शिविर लगाया जाएगा।

### आत्मनम फाउंडेशन ने किया कम्बल व गर्म कपड़ों का वितरण



**अनगड़ा :** आत्मनम फाउंडेशन रांची द्वारा शनिवार को जोन्हा के लेप्सर गांव के विभिन्न टोलों में कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों बुजुर्ग व असहायों को लाभान्वित किया गया। वितरण निदेशक डॉ शालिनी कुमारी, सुनील गुप्ता, नैना तनेजा, डॉ ओपी महनसरिया, गोविंद मोदी, संजीव तनेजा, कर्नल (सेनि) राजीव, कर्नल (सेनि) एम उपाध्याय, मनोज मारु, राजीव कुमार व मुखिया कृष्णा मुंडा ने किया। मौके पर ग्रामीणों ने फाउंडेशन के पदाधिकारियों से गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कराने का आग्रह किया। डॉ शालिनी कुमारी ने कहा कि इस भागमभाग जीवन शैली में लोग अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें, अभी लोग ठंड से अपना बचाव करें। आज के दौर में लोग तनाव, भावनात्मक व मानसिक रूप से ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं। हमें सतर्क व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जरूरत है। फाउंडेशन लोगों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मददगार है।

### पंचायती राज विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

**खूंटी :** डीआरडीए स्थित सभागार में शनिवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी शिशिर कुमार की अध्यक्षता में पंचायत राज विभाग के जरिये संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा और समीक्षा की गई। इनमें मुख्य रूप से जीपीडीपी-जीपीएफटी ट्रेनिंग के तहत टीएमपी पोर्टल में इंट्री की प्रगति, 15वें वित्त आयोग के तहत व्यय को एक सप्ताह में 50 फीसदी तक बढ़ाने, पंचायत ज्ञान केंद्र का अधिष्ठापन, जनप्रतिनिधियों के मानदेय, सभी पंचायतों में बायोमेट्रिक मशीन का अधिष्ठान और संचालन सुनिश्चित करने, पंचायत सुद्दढ़ीकरण और 15वें वित्त आयोग की उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति, पंचायत भवन की स्थिति और भारत नेट रिचार्ज की समीक्षा की गई।

## उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# विकास योजनाओं की दी जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शनिवार को मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में निर्मित विशिष्ट सामग्री भेंट की। मुख्यमंत्री ने सामग्री की प्रशंसा करते हुए खूंटी कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के उत्पादों



को देश-विदेश में पहचान दिलाने के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने इन सामग्रियों की गुणवत्ता को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ हीं इससे जुड़े किसानों को शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान, उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को खूंटी जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जिले के समग्र विकास में सहयोग का भरोसा जताया।

## झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया ने 100 जरूरतमंदों को दिये कम्बल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**उरीमारी :** गरसुल्ला पंचायत में शनिवार को झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने 100 जरूरतमंदों को कंबल दिया। अवसर पर संजीव बेदिया ने कहा कि ठंड में काफी वृद्धि हुई है। जिससे बचाव की जरूरत है। गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें और बुजुर्गें और बच्चों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आगे भी हर संभव सहयोग का प्रयास किया जाएगा। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, तेतरी देवी, सोमरी देवी, धगनी देवी, राजो देवी, सरवा देवी, शारदा देवी, आरती देवी, कविता देवी, रीना देवी, हेना देवी, बसंती देवी, अखलेश बेदिया, प्रभु बेदिया, रघुनाथ बेदिया बहादुर मांझी, गणेश कुमार, राज कुमार, बबलू कुमार, मकुज बेदिया, सुरेश गंझु, शंकर करमाली, लोकन बेदिया, शत्रुघ्न सिंह सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में सम्मान समारोह




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा :** राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले सभी बच्चों को आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। आप सभी बच्चों ने कड़ी मेहनत और समर्पण से यह सफलता प्राप्त की है। भविष्य में भी इसी प्रकार अपना प्रदर्शन बनाए रखें और आगे बढ़ें। इस अवसर पर विद्यालय के कराटे इंस्ट्रक्टर और सुको-कई कराटे झारखंड ब्रांच के चीफ एग्जामिनर महादेव गोप ने कहा कि, यह सफलता बच्चों के अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह आत्मरक्षा, अनुशासन और मानसिक शक्ति का प्रतीक है। आशा है कि बच्चे आने वाले समय में और भी बड़ी प्रतियोगिताओं में देश और राज्य का नाम रोशन करेंगे। सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षक, सुरेश कुमार महतो, आनंद प्रसाद महतो, विपिन प्रसाद, उमेश मंडल, भुनेश्वर कुम्हार, घासी राम महतो शिक्षिका पुतुल नीलू नाग, गायत्री सुदर्शी, फुलेश्वरी महतो, अंजलि टोप्पो, ललिता महतो, स्नेहा शालिनी, कुसुम कुमारी, अलका, प्रियंका कुमारी, आदि सहित विद्यालय के विद्यार्थी भी उपस्थित थे। समारोह ने सभी को प्रेरणा और ऊर्जा से भर दिया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खूंटी :** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय खूंटी में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन ने बताया कि मार्ग के किनारे साइनेज अधिष्ठापित किए गए हैं, जो मार्ग से जुड़ी जानकारी के संकेतक हैं। वाहन चलाते समय सभी प्रकार के साइनेज को दृष्टिगत रखते हुए गाड़ी चलाएं। हमेश वाहन निर्धारित गति सीमा पर ही चलाएं। समय बचाने के लिए ओवर स्पीड हरगिज न करें। ऐसा कर आप अपनी तथा दूसरों की जिंदगी बचा सकते हैं। वाहन का चालन वैध लाइसेंस के साथ ही करें। वाहन से संबंधित कागजात अपने साथ रखें। वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीटबेल्ट का उपयोग जरूर करें।

## भुरकुंडा में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने मनाया 87वां स्थापना दिवस

# संघर्ष और बलिदान की बुनियाद पर खड़ी है यूनियन : नरेश मंडल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भुरकुंडा :** यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन का 87 वां स्थापना दिवस शनिवार को भुरकुंडा कोलियरी के बांसगढ़ा खदान के समक्ष पीट मीटिंग कर मनाया गया। अवसर पर यूनियन के केंद्रीय सचिव नरेश मण्डल ने अपने संबोधन में कहा कि यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की स्थापना 04 जनवरी 1939 को हुई थी। इसकी स्थापना गिरिडीह के बनियाडीह वेश वर्कशॉप के कामगारों द्वारा किया गया था। कहा कि संघर्ष और बलिदान यूनियन की बुनियाद है। पीट मीटिंग को सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय, सहायक सचिव अफजल हुसैन, शाखा कोषाध्यक्ष अशोक राम सहित अन्य ने सम्बोधित किया। मौके पर अनुज कुमार, अफजल हुसैन, जितेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, मंजूर खान, जोगेंद्र ठाकुर, मनोज झा, मदन मोहन ओझा, आलोक पुरखत, जगदीश, विजय यादव, विजय शंकर यादव, दिवाकर, परदेशी, पवन झा, ठुप्पा भुइया, कलाम अंसारी सहित कई सीसीएल कर्मी मौजूद थे। वहीं रिवर साइड, भुरकुंडा स्थित यूनियन कार्यालय में अशोक राम के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।

## झारखंड आंदोलनकारी साथियों का 12 जनवरी को होगा वनभोज सह मिलन समारोह



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** शनिवार को गोला डीवीसी चौक में झारखंड आंदोलनकारी की एक बैठक हुई। इसमें आगामी दिनांक 12 जनवरी दिन रविवार को वन भोज सह मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की नव वर्ष के शुभ अवसर पर गोला प्रखंड क्षेत्र के सभी आंदोलनकारी साथियों के साथ भैरवी जलाशय के तट पर वनभोज सह मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया ताकि सभी लोग नूतन वर्ष पर आंदोलनकारी साथी मिलकर एक दूसरे से मिलने का मौका मिलेगा और सभी लोग एक दूसरे से नववर्ष की बधाई और आने वाले समय पर आंदोलनकारियों की हित की बात पर लोग एक दूसरे से विचार विमर्श करेंगे। बैठक की अध्यक्षता भोलाराम मांझी एवं संचालन सुनील राज चक्रवर्ती ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आदित्य कुमार महतो, राजाराम महतो, अमूल्य उपाध्याय, केदार महतो, तारकेश्वर मूर्मू, सागो देवी, मुनिबाला देवी, पुनम देवी, सीता देवी, विसम्भर गोसाई मोजूद थे।

## 25 जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का हुआ वितरण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के हरिहरपुर जमटोली पंचायत के महरू गांव में शनिवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए 25 बुजुर्ग जरूरतमंदों लोगों के बीच सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव, पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया उपस्थित थे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बेरोनिका उरांव ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में सरकार द्वारा दी जाने कंबल गरीब लाभुकों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही कहा की हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहती हूं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर सरकार द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही सच्ची मानवता की सेवा है। वहीं लक्ष्मी कोया ने कहा कि जनता के हर सुख-दुख में सरकार साथ है। ठंड को देखते हुए पंचायत में लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है। आने वाले समय में और कंबल का वितरण किया जाएगा। साथ ही कहा लाभुकों को योजनाओं का लाभ देना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर पूर्व मुखिया सुनील कच्छप सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## एचीवर एकेडमी के दो विद्यार्थी एसएससी जीडी में हुए सफल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पिस्का नगड़ी :** एचीवर एकेडमी के दो विद्यार्थि धीरज कुमार महतो, जस्सी बेक (एसएससी जीडी) में सफल किया। दोनों विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि डॉ ज्ञानेश्वर ज्ञान (स्वामी विवेकानंद स्कूल निदेशक) एवं दीपक केसरी (मार्गदर्शक) द्वारा मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। एकेडमी के डायरेक्टर चंद्रकांत केसरी ने बताया कि हमारे क्लास में jps zc (PT), सचिवालय (JSSC-CGL), झारखंड दरोगा, झारखंड पुलिस, राजस्व विभाग, पंचायत सचिव, (SSC GD), RAILWAY,SSC, Indianarmy के तैयारी कराए जाते है। एचीवर एकेडमी के शिक्षक सुनील कुमार, सुधा कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खुखरा में गंगा महाआरती 15 को, तैयारी जोरों पर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर राइजिंग यूथ खुखरा के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष आगामी 15 जनवरी बुधवार को प्रखंड के ऐतिहासिक खुखरा गांव स्थित बेर तालाब में भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया है। जहां गांव के देवी मंडप से शोभायात्रा मां गंगा पूजन व भव्य आरती का आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर बेर तालाब के तट की साफ-सफाई कर समूचे तट आकर्षण रंग रोगन कर सजाने को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक सदानंद गोस्वामी ने बताया कि 15 जनवरी की शाम को होने वाली गंगा आरती को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है जो अब पूर्णता की ओर हैं ।आयोजन भव्य व आकर्षण हो इसके लिए पूरे तालाब परिसर की साफ सफाई के साथ रंगीन रोशनी व फूलों से तलाब परिसर को सजाने का काम किया जाएगा ।जगमगाती रौशनी व मां गंगा की आरती यहा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। आयोजन में भव्य व आकर्षण हो इसके लिए गांव के युवाओं द्वारा सराहनीय पहल की गई है ।कार्यक्रम में 4:00 से शोभायात्रा का आयोजन प्रारंभ होगा संध्या 6:00 बजे वाराणसी के ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां गंगा की भव्य आरती की जाएगी जिसके बाद प्रसाद वितरण होगा। राइजिंग यूथ सदस्यों ने इस महाआरती में शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदानंद, परमेश्वर, विकास, सूरज, परशुराम, छोटेलाल, विशाल, कैलाश, अमित, पवन, सत्यम, राजेश, विरंची, जीतराम, सोनू, भारत सहित पूरे गांव के लोग लगे हुए है।

## बेड़ो में 551 दीप जला कर अखंड दिव्य ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो :** विश्व शांति, सद्भावना, बंधुत्व और जन जागरण के उद्देश्य के साथ निकाली गई अखंड ज्योति कलश यात्रा बेड़ो प्रखंड के दर्जनों गांवों का भ्रमण करके शनिवार की शाम को प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर बेड़ो पहुंची। यहां बेड़ो वासियों ने आध्यात्मिक रथ यात्रा का विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के साथ भव्य स्वागत किया। यह यात्रा उज्ज्वल भविष्य और युग परिवर्तन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। गायत्री परिवार के अनुसार, यात्रा का उद्देश्य वर्तमान समय में फैले अंधकार को दूर करना और वैश्विक चेतना में प्रकाश का संचार करना है। ज्योति कलश यात्रा के दौरान क्षेत्र में व्यक्तिगत और सामूहिक अनुष्ठान, प्रवचन, यज्ञ, दीपयज्ञ व संस्कारों के



आयोजन किए जा रहे हैं। वहीं यात्रा रात्रि विश्राम के समय 551 दीप जलाकर अखंड दिव्य ज्योति कलश यात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद हरिद्वार से आये प्रतिनिधि मंडल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालु भक्तों ने अखंड दिव्य ज्योति के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। बेड़ो क्षेत्र के दिव्य कलश रथयात्रा संयोजक राजेश्वर सिंह ने बताया अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान में गायत्री परिवार के संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा व अखंड दीपक का जन्म शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारी के लिए पूरे उत्साह के साथ देश भर में ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली गई है। यह ज्योति कलश रथ विशेष वैदिक कर्मकांड के साथ देश भर के 24 हजार पावन तीर्थ के जल और 98 साल से निरंतर जल रही ज्योति के साथ देश के सभी गांव शहरों में भ्रमण कर रहा है। यह यात्रा आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव के बीज बोने का प्रयास कर रही है। वहीं श्रद्धालुओं के लिए शिवसेना के झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह के द्वारा भंडारे का वितरण किया गया। मौके पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक रांची जय नारायण प्रसाद, जिला उपसमन्वयक अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, अशोक प्रसाद, एस सिंह मुंडा, राजेश्वर सिंह, विरेन्द्र कुमार व पवन गुप्ता समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यशोदा देवी, कमला देवी, पूजा देवी,राजू सिंह, ईश्वर बड़ाइक, बजरंगी बाबा, मेघनाथ गिरी सोनू पंडा, समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

## शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल महत्त्वपूर्ण : रवि कुमार महतो

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** शनिवार को तेलियातु प्रीमियर लीग 2024-25 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री सह केन्द्रीय कोर कमेटी सदस्य रवि कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपा महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने विधिवत रूप से मैच का शुभारम्भ किया। जवाहर नगर भुरकुंडा एलेवन वर्सेस पवन एलेवन मायल के बीच खेला गया। इस मैच में जवाहर नगर भुरकुंडा 6 विकेट से विजय रहा। मुख्य अतिथि रवि महतो ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए।



खेल हमारे शारीरिक दक्षता और मानसिक दक्षता को बढ़ाता है। यह खेल हमारे हृदय को मजबूत बनाता है, रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है। मोटापे को कम करता है। खेल करने से हमारे शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती है, हड्डियां मजबूत होती है और हमारा ऊर्जा स्तर बढ़ता है। खेल हमारे मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि रूपा महतो ने कहा कि खेलों से सामाजिक विकास होता है, खेलों से बच्चे सामाजिक होना सीखते हैं, खेलों से चरित्र निर्माण होता है। छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है, खेलों से दिनचर्या नियमित होती है। खेलों को भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक भी माना जाता है। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि क्रिकेट मुख्यत दो पक्षों के बीच खेला जाता है। प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या 11 होती है, जिसमें एक 'कैप्टन' होता है। प्रत्येक पक्ष अर्थात टीम खेल आरंभ करने के पूर्व टॉस द्वारा निश्चित करता है कि कौन सी टीम पहले बल्लेबाजी करेगी और कौन सी टीम क्षेत्ररण। खेल प्रारंभ होने से पूर्व में ही दो निर्णायक अंपायर नियुक्त होते हैं जो खेल को खेल भावना तथा नियमों के अंतर्गत खेलते रहने तथा विवादों को सुलझाने के प्रति उत्तरदायी होते हैं। क्रिकेट आज न केवल भारत बल्कि समूचे विश्व में खेल अत्यंत लोकप्रिय एवं रोमांचक है। इस खेल में मुख्य रूप से रवि कुमार महतो, रूपा महतो, श्याम सुंदर महतो, रमेश कुमार महतो, सुरेंद्र महतो, सन्नी महतो, धनेश्व महतो, सोनी देवी, चिंता देवी, तेलियातू प्रीमियर लीग मैच का संरक्षक जतरु महतो, अध्यक्ष मिथुन महतो, उपाध्यक्ष मार्टिन राही, कार्यकारी अध्यक्ष सहदेव महतो, सचिव छोटेलाल महतो, उपसचिव संदीप महतो, महासचिव धर्मवीर महतो, कोषाध्यक्ष संजय करमाली, उप कोषाध्यक्ष तुलसी पटेल, संचालक गौतम महतो, सन्नी महतो, रिंकू करमाली, सदस्य मूरत महतो, तुलसी महतो के अलावा ग्रामीण जनता व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने जिला कल्याण पदाधिकारी से की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य जिले के कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और जरूरतमंद नागरिकों को उनका लाभ सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। इस दौरान बजरंग महतो ने विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक मुद्दों पर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया, जिनमें आदिवासी व अल्पसंख्यक एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण से जुड़े विषय शामिल थे। उन्होंने क्षेत्र में चल रही योजनाओं की स्थिति और लाभार्थियों को आ रही समस्याओं पर विस्तृत बातचीत की। सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनका विभाग समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर बजरंग महतो ने कहा कि रामगढ़ के हर नागरिक को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। मेरी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, उतम कुमार, करमू कुमार, युगल किशोर महतो मौजूद थे।

## एक झलक

### संत शिरोमणि स्वामी श्री सदानंद जी महाराज को झारखंड में राजकीय अतिथि सम्मान मिलेगा



**रांची** : संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी डॉ. श्री सदानंद जी महाराज के पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर 4 जनवरी को शाम को रांची पहुंचेंगे। श्री सदानंद महाराज रांची के पुंदाग झारखंड के सबसे बड़े मंदिर श्री राधा- कृष्ण मंदिर का उद्घाटन 5 जनवरी को करेंगे। तथा चार दिवसीय श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा मे भाग लेंगे। झारखंड में स्वामी सदानंद महाराज जी को राजकीय सम्मान मिलेगा। झारखंड के विशेष कार्य पदाधिकारी ने रांची के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को एक पत्र प्रेषित कर स्वामी डॉ सदानंद महाराज जी को झारखंड आगमन से लेकर प्रस्थान तक पुरे राजकीय अतिथि के रूप मे सम्मान देते हुए समुचित व्यवस्था देने की बात कही। ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक स्वामी श्री सदानंद महाराज को झारखंड सरकार द्वारा राजकीय सम्मान दिए जाने पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उक्त जानकारी ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

### रांची में छह और सात को बंद रहेंगे सभी स्कूल

**रांची** : उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने राज्य में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए शनिवार को जिले के सभी कोटि के सरकारी उच्च, माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों सहित सभी निजी विद्यालयों को छह और सात जनवरी को पूर्णत: बंद रखने का निर्देश दिया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया है कि सभी कोटि के सरकारी उच्च, माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं कार्यरत शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी इस अवधि में नियत समय पर विद्यालय में उपस्थित रहते हुए विद्यालयी कार्य का संपादन करना सुनिश्चित करेंगे।

### राज्यपाल से हाई कोर्ट के जस्टिस ने की मुलाकात

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान न्यायमूर्ति ने राज्यपाल को स्वरचित पुस्तक 'न्याय पथ के पथिक' भेंट की। राज्यपाल ने पुस्तक रचना के लिए न्यायमूर्ति को बधाई दी और उनकी इस उत्कृष्ट साहित्यिक उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने आशा प्रकट कि यह पुस्तक न्यायिक प्रक्रिया, उसके मूल्यों और आदर्शों को समझने में सहायक सिद्ध होगी। दूसरी ओर, राज्यपाल से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा राज्यपाल से राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजय मारू ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। अजय मारू ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी मारू को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### रिम्स पीएचडी एंट्रेंस के लिए आवेदन 15 जनवरी तक

**रांची** : रिम्स ने पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम के सत्र 2024-25 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत रिम्स के कुल 41 विभागों के पीएचडी कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया होगी। आवेदन वेबसाइट रिम्स के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। सभी जरूरी डॉक्यूमेंट के साथ 15 जनवरी तक जमा करना होगा। पीएचडी एंट्रेंस 18 फरवरी को संभावित है। परीक्षा ऑफलाइन मोड पर होगी। परीक्षा अवधि 120 मिनट का होगा। इसमें एमसीक्यू पैटर्न पर सवाल होंगे। परीक्षा केंद्र रिम्स, रांची में ही होगा। इसमें आवेदन फॉर्म शुल्क जनरल और ओबीसी कैटेगरी के लिए 300 रुपये एवं झारखंड के एससी तथा एसटी केटेगरी के लिए 200 रुपये निर्धारित है। साथ ही एंट्रेंस एग्जाम फीस 2500 रुपये निर्धारित है।

---

आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने आदिवासी छात्रावास स्थित कोचिंग क्लासेस का निरीक्षण कर प्रोजेक्ट डायरेक्टर को दिये निर्देश

# आदिवासी छात्रावास स्थित लाइब्रेरी होगा अपग्रेड

- छात्रावास परिसर में संचालित कोचिंग क्लासेस का होगा विस्तार
- विषयवार प्रोफेशनल्स टीचर से काम लें



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने आज करमटोली स्थित आदिवासी छात्रावास में संचालित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने रांची जिला के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय कुमार भगत को आदिवासी छात्रावास में संचालित हो रहे लाइब्रेरी में शीघ्र फर्नीचर एवं पुस्तकें सहित सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध करने हेतु त्वरित कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। आदिवासी कल्याण आयुक्त ने कहा कि छात्रावास परिसर में संचालित हो रहे कोचिंग क्लासेज का भी विस्तार किए जाने निमित्त कार्य योजना बनाई जा रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्र-छात्राओं को विषयवार शिक्षक की आवश्यकता अनुसार प्रोफेशनल टीचर को सूचीबद्ध करते हुए शिक्षण का काम लें। स्टूडेंट्स ही शिक्षकों की रेटिंग करें और उसी आधार पर उनसे काम ली जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा विस्तृत योजना तैयार किए जाने और अधिसूचित किए जाने तक कोचिंग के सभी कार्य प्रतिबद्धता के साथ करें।

**कोचिंग क्लासेज का सुचारू संचालन प्राथमिकता**

**विभागीय** मंत्री चमरा लिण्डा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त को कल्याण हॉस्टल में चल रहे कोचिंग क्लासेज का अवलोकन कर उसके सुचारू संचालन के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिए थे। निरीक्षण के क्रम में आदिवासी कल्याण आयुक्त श्री अजय नाथ झा को वहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने बताया कि कोचिंग में कभी-कभी बहुत अधिक बच्चे हो जाते हैं उस स्थिति में एक ही हॉल में क्लास का संचालन संभव नहीं हो पाता है। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त द्वारा हॉस्टल परिसर में खाली एक और भवन में ही एक बैच के कोचिंग चलाए जाने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश प्रोजेक्ट डायरेक्टर को दिया गया। इसके लिए आवंटन भी उपलब्ध है। मौके पर कोचिंग क्लास में उपस्थित छात्र-छात्राओं से आदिवासी कल्याण आयुक्त ने संवाद किया। संवाद के क्रम में छात्र-छात्राओं की कई बातों को ध्यान में रखते हुए आदिवासी कल्याण आयुक्त ने पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

---

## जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी ने जारी किये मोबाइल और ईमेल नम्बर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड सीआईडी ने परीक्षार्थियों और आम लोगों से अपील करते हुए साक्ष्य या जानकारी मांगी है। इसके लिए सीआईडी ने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जारी किए हैं। सीआईडी ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा, 2023 में कथित गड़बड़ी और अनियमितता के संबंध में किसी परीक्षार्थी या अन्य किसी के पास कोई साक्ष्य (अभिलेख, ऑडियो-वीडियो) या कोई अन्य जानकारी है तो मोबाइल नंबर 9934309058 और ईमेल आईडी (sp-cid@jhpolice.gov.in) पर उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अलावा इस संबंध में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अनुसंधानकर्ता से मिलकर जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकती है। पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी। जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। साथ ही सीजीएल परीक्षा-2023 का परिणाम अगले आदेश तक घोषित नहीं करने का भी निर्देश दिया था। प्रतिवादी राज्य सरकार, मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रधान सचिव और सदर थाना प्रभारी को प्रार्थियों द्वारा की गयी शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, आरोपों की जांच करने और अगली सुनवाई की तारीख तक जांच का स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

---

## एचईसी परिसर नागरिक मंच का हुआ गठन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को यूनियन नेता भवन सिंह के अध्यक्षता में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक एचईसी सेक्टर 2 स्थित इ-44 सीटू कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में चर्चा के दौरान लोगों ने कहा कि एलटीएल आवासों का एग्रीमेंट के जगह रजिस्ट्री डीड कर मालिकाना हक चाहिए, एलटीएल आवासों का बिना शर्त नवीकरण करना, अन्य लोगों को बेचे गए एलटीएल आवास का लीज ट्रांसफर,एचईसी के शेष आवासों का पुनः एलटीएल स्कीम पर आवंटन करना एवं परिसर क्षेत्र में वर्षों से रहने वाले झुगी झोपड़ी एवं दुकानदार समूहों को स्थाई तौर पर किराया तय कर निर्धारण करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई ! इस दौरान निर्णय लिया गया कि इन सभी विषयों को लेकर एक अहम कमिटी का गठन किया जाये। सर्वसम्मति से एचईसी परिसर नागरिक मंच के नाम से एक कमिटी गठन की गई। जिसमें कुछ प्रमुख लोगों को पदाधिकारी मनोनीत की गयी।

कैलाश यादव-संयोजक
भवन सिंह-अध्यक्ष
नंदन यादव-उपाध्यक्ष
सुधीर गोप-महासचिव
शब्बर फातमी-संयुक्त महासचिव
जावेद अनवर-सचिव

बैठक में निर्णय हुआ कि प्रमुख मांगो के संदर्भ में मकर संक्रांति के बाद चरणबद्ध कार्यक्रम किया जायेगा।

---

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में झारखंड स्टेट रैपिड चेस चैंपियनशिप का आठवां व अंतिम राउंड का खेल सम्पन्न



**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय में झारखंड स्टेट रैपिड चेस चैंपियनशिप का आठवां एवं अंतिम राउंड का खेल संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम के अभिषेक दास साढ़े सात अंकों के साथ विजेता एवं बोकारो के अंकित कुमार सिंह सात अंकों के साथ उपविजेता बने। रांची के विभाष कुमार सिंह भी सात अंक बनाकर तीसरे एवं पश्चिमी सिंहभूम के मनीष शर्मा 6 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। इसके बाद तीसरे झारखंड स्टेट ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप के प्रथम चार चरण का मैच खेला गया। अंतिम चार चरणों का खेल रविवार को खेला जाएगा। इसके उपरांत रैपिड और ब्लिट्ज दोनों टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

---

## श्रीश्याम मंदिर में 140वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा आज हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 140वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को मंदिर में निर्मित प्रसाद का भोग अर्पित किया गया।श्री अलंकार ज्वेलर्स एण्ड संस के सुशील गुप्ता, ममता गुप्ता, विवेक-शिवानी, यश - स्वर्णिका गुप्ता अपने परिजनों के साथ भण्डारा का प्रसाद अर्पित कर झारखण्ड के खुशहाली की प्रार्थना कर श्रीश्याम दरबार में मत्था टेका। भोग लगे प्रसाद को गुप्ता परिवार ने वृहद भण्डारे में मिश्रित करके उसे महाप्रसाद बनाकर रांची गौशाला की गाय माता के एक बड़े थाल में भण्डारे का प्रसाद निकालकर गाय माता के लिए पूजा-अर्चना कर मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाया। श्रीगणेश जी महाराज जयकारो के बीच यजमानश्री गुप्ता परिवार व मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भण्डारे का महाप्रसाद वितरण प्रारम्भ किया गया। लम्बी लम्बी कतारें लग गयी। खाटूनरेश की जयकारो से पुरा मंदिर परिसर गूंज रहा था। मंदिर में प्रवेश करने वाले तिलक लगाया जा रहा था।3100 से ज्यादा भक्तजनों ने भण्डारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्यामसुंदर शर्मा, अमित सरावगी, अनिल नारनोली, अजय मारू, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, राजीव मित्तल, वेदभूषण जैन, रंजना जैन, विवेक गुप्ता, शिवानी गुप्ता, यश गुप्ता , स्वर्णिका गुप्ता, अंकित सिंह, हर्ष कुमार, कृष्णा अग्रवाल, झूलन भुण्डा मुण्डा, मनीष वर्मा, उपेन्द्र पाण्डेय, कैलाश सिंघानिया, सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने भण्डारा वितरण में सहयोग किया। सोमवार को केशर तिलक श्रृंगार श्रीश्याम मित्र मण्डल के द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में अमावस्या महास्नान उत्सव होने के 7 दिन बाद सोमवार 06.01.2025 को खाटूनरेश का केशर-चंदन तिलक श्रृंगार होगा।

---

## भक्षण के उपयोगी होने के नाते खिचड़ी को माना गया है श्रेयस्कर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : दिव्यदेश के रूप में श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर को प्रतिष्ठित हुये साढ़े सतरह वर्ष से ऊपर होने को है। जून 2007 में परात्पर ब्रह्म परमात्मा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर भगवान का रांची नगर के धराधाम पर पधारने के समय से सप्ताह के सातों दिन भिन्न -भिन्न सात प्रकार के भोग निवेदन किये जाते हैं। इस तरह प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी महाभोग का प्रसाद नैवेद्य करके भक्तों में बांटा जाता है। कोरोना काल के लॉकडाउन को छोड़कर आज 04 जनवरी 2025 शनिवार को 860 वॉ खिचड़ी भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में 1,470 लोगों ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया। आज के खिचड़ी महाप्रसाद : श्री शशिभूषण सिंह पत्नी वीणा सिंह रांची निवासी निवेदन किया। समस्त चराचर प्राणियों के रक्षक और पालनहार भगवान श्रीमन्नारायण को अन्नों से परिपक्व खिचड़ी सर्वाधिक रुचिकर है। अन्न (अनाज) प्राणियों का प्राण, ओज, बल और सुख रूप है, इसीलिए सज्जनों का कहना है कि अन्न का दाता प्राण का प्रदाता है। अनाज से बढ़कर और कोई शरीर को आरोग्य बनाने वाला नहीं है। वही अनाज से परिपक्व खिचड़ी या अन्य प्रसाद भगवान को भोग लग जाता है तब वह संजीवनी औषध का रूप ले लेता है।

---

## गुरु नानक सत्संग सभा से 150 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था हुआ रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के 150 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था शनिवार को पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए हटिया रेलवे स्टेशन से रात 10 बजे रवाना हुआ। हटिया पटना ट्रेन के लेट होने के कारण सभी श्रद्धालुओं के लिए सत्संग सभा द्वारा गुरुनानक स्कूल पीपी कंपाउंड से तीन बसें मंगाई गई, जिससे सभी श्रद्धालु रात 8.30 बजे कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहब से हटिया स्टेशन के लिए रवाना हुए। गुरु नानक सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने सभी श्रद्धालुओं को माला पहनकर विदा किया एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। एक अन्य जत्थे में 15 श्रद्धालु आज शाम 4.30 बजे वंदे भारत ट्रेन से पटना साहिब के लिए रवाना हुए। जत्था में गए सभी श्रद्धालु पटना साहिब में प्रकाश पर्व के उपलक्ष में आयोजित सभी आयोजनों में भाग लेंगे तथा गुरुद्वारा परिसर स्थित अजायबघर भ्रमण कर गुर इतिहास से रूबरू होंगे और साथ ही तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के अस्त्र-शस्त्र के दर्शन भी करेंगे। पटना साहिब जा रहे सभी श्रद्धालुओं का जत्था 8 जनवरी को रांची वापस लौटेगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में आज 4 जनवरी शनिवार को रात 9:30 बजे गुरुद्वारा साहिब, कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री अखंड पाठ साहिब की शुरूआत होगी।

---

## स्टेशन रोड स्थित सरकारी बस स्टैंड के जीर्णोद्धार की पहल की जाये

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : स्टेशन रोड स्थित सरकारी बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के लिए शहर के सामाजिक कार्यकताओं ने परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ को पत्राचार किया। अरुण जोशी, धरमचंद शर्मा और अमित शर्मा ने कहा कि तत्कालीन बिहार के समय स्टेशन रोड स्थित सरकारी बस स्टैंड वर्तमान में दयनीय अवस्था में है। लगभग 12 एकड भू-भाग पर अवस्थित यह बस स्टैंड राजधानी के मुख्य केंद्र मेन रोड और रांची रेलवे स्टेशन के काफी समीप है। यहां अभी 100 बसों का परमिट है तथा लगभग 50 एसी डीलक्स बसें परिचालित हो रही हैं। बस स्टैंड से टाटा, धनबाद, हजारीबाग, पटना, गिरिडीह, गया की बसें चल रही हैं जिससे प्रतिदिन सैकडों यात्रियों का आवागमन इस स्टैंड से होता है। यात्री सुविधा के नाम पर बस स्टैंड में व्यवस्था नगण्य होने के कारण यात्रियों को (विशेषकर महिला, बुजर्ग तथा मरीजों) को काफी कठिनाईयां होती हैं। बरसात के समय जल-जमाव होने से बस स्टेंड की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। यह कहा गया कि चूंकि देश भर में सरकारी बस स्टैंड का आधुनिकीकरण कार्य हो रहा है, ऐसे में जरुरी है कि राजधानी रांची स्थित इस सरकारी बस स्टैंड का भी जीर्णोद्धार किया जाये।

---

## 13 जनवरी को नमो पतंग महोत्सव रांची में

- रातू रोड के ओटीसी मैदान में होगा आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आगामी 13 जनवरी 2025 को ओ टी सी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग महोत्सव का आयोजन रखा गया है नमो पतंग महोत्सव की शुरूआत 2006 में माननीय सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया था। आयोजन के संरक्षक माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहेंगे वही कार्यक्रम का संयोजक मुकेश काबरा को बनाया गया है। संयोजक मुकेश काबरा ने बताया हिंदू धर्म के अनुसार 13 तारीख को मकर संक्रांति के दिन नमो पतंग महोत्सव का आयोजन धार्मिक धरोहर को बनाये रखने के लिए यह परंपरा बनाये रखी गई है। 2006 से प्रारंभ इस उत्सव को लगातार किया जा रहा है इस उत्सव को झारखंड के नगरवासी बड़े ही उत्साह पूर्वक सपरिवार इस्टमित्रो संग मनाते आ रहे हैं। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष इसको बड़े उत्साह पूर्वक झारखंड सहित रांची नगर वासियों के संग विभिन्न स्थानों में मनाया जाता है। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य सहित राजधानी के लोग भी भाग लेंगे और पतंग महोत्सव का पूर्ण आनंद लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतिदिन बैठकों का दौरा चल रहा है जिसमें नमो पतंग महोत्सव से जुड़े अजय मारू, कुणाल आजमानी,प्रमोद सारस्वत, राज वर्मा, रविंद्र मोदी, संजय सिंह, नीरज चौधरी, रमाशंकर बगड़िया, संतोष सेठ, अमित चौधरी, मनीष लोधा सुबेश पांडेय, संजय पांडेय सहित सैकड़ो की संख्या में समिति के सदस्य आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है।

---

## दृष्टिबाधित छात्रों को लाभ पहुंचाना ही डालसा का उद्देश्य : स्वीकृति विनाया

- एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनाया व पीएलवी संगीता देवी एवं पिंकु कुमारी ने नेत्रहीन बच्चों को दी जानकारी
- विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर डालसा का जागरूकता कार्यक्रम




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देशानुसार, न्यायायुक्त के मार्गदर्शन पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर राजकीय नेत्रहीन मध्य विद्यालय, अरगोड़ा टुंगरी टोली, हरमू, रांची में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनाया, पीएलवी पिंकु कुमारी, संगीता देवी, पिंकी गुप्ता, रजनी कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसी अधिवक्ता स्वीकृति विनाया ने कहा कि विश्व ब्रेल दिवस लुइस ब्रेल के जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। यह दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। लुईस ब्रेल बहुत कम उम्र में एक दुर्घटना में अपनी आँखें खो दिये थे और वे अंधा हो गए थे। एक नेत्रहीन प्रणाली का उपयोग करके अपनी आगे की पढ़ाई की और मात्र 15 वर्ष की उम्र में एक ऐसी लिपि का आविष्कार कर दिया जिसे ब्रेल लिपि कहते हैं।उन्होंने आगे कहा कि यह दिवस ब्रेल प्रणाली के आविष्कारक लुई ब्रेल के सम्मान में मनाया जाता है। यह नेत्रहीन और दृष्टिबाधित व्यक्तियों को सशक्त बनाने, शिक्षा, संचार और समावेश तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करने, साथ ही समान अवसरों की वकालत करने और वैश्विक स्तर पर उनके अधिकारों को बनाए रखने में ब्रेल की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर दृष्टिबाधित छात्रों को मिलनेवाली योजनाओं का लाभ दिलाना ही डालसा का उद्देश्य है।

---

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन आज

- स्वामी सदानंद जी महाराज विश्व शांति, सर्वधर्म समभाव, राष्ट्रीय एकता, समरसता, सुसंस्कार निर्माण और सतत जनजागृति के लिए प्रेरणा पुंज के किये कार्य




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा है कि 5 जनवरी को पुंदाग रांची मे राज्य का सबसे बड़ा श्री राधा- कृष्ण का मंदिर का उद्घाटन परमहंस भागवत भास्कर डॉ. संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज करेंगे। यह भव्य मंदिर स्वामी सदानंद जी महाराज के अथक प्रयास एवं गुरुजी राधिका दास जी महाराज के आशीर्वाद से 8 वर्षों में बनकर तैयार हुआ है। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक परम श्रद्धेय स्वामी सदानन्द जी महाराज का जन्म भिवानी जिले के छोटे से गाँव जुई कलां में खंडेलवाल ब्राह्मण परिवार में आयुर्वेदाचार्य पिता बजलाल व मामला शिवबाई को कोख से 01 अगस्त 1945 को हुआ।इनके पिताजी एक प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य थे जिनसे उपचार के लिए लगभग 500 गांवों से लोग इलाज करवाने आते थे। स्वामी जी के बचपन का नाम मानु था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही करने के बाद युवावस्था में विद्या ग्रहण करने के पश्चात शिक्षक का दायित्व संभाला। 1962 में उनकी पहली नियुक्ति हिसार जिले के गांव पाबड़ा के सरकारी स्कूल में हुई। इसी दौरान राष्ट्र सेवा की भावना से प्रभावित होकर स्वामी सदानन्द जी देश सेवा के लिए सेना में भर्ती हो गए। देश की सीमा पर दुश्मनों से मातृभूमि की रक्षा करते हुए भारतीय संतों की आदर्श जीवनशैली से प्रभावित होकर संतों की श्रेणी में आने की सोचने लगे। बाल्यावस्था से ही श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर जूई, भिवानी में प्रार्थना सभा में प्रतिदिन भाग लिया करते थे, जहां श्रीकृष्ण प्रणामी पथ में दीक्षित संत श्री राधिकादास जी के ₹तुम सेवा से पाओगे पार₹, इस आदर्श वाक्य से प्रभावित होकर धार्मिक क्षेत्र में पदार्पण किया। अपने गुरु के आदर्शमय जीवन से प्रभावित होकर अपने जीवन को सदा सर्वदा के लिए आध्यात्मिक सेवा एवं जन-कल्याण कार्यों में समर्पित कर दिया। राधिकादास महाराज जी से प्रभावित होकर उनसे मंत्रदीक्षा प्राप्त की तथा उन्होंने शिष्य की प्रतिभा और कर्तव्य निष्ठा आध्यात्मिक लग्न को देखकर अपने गुरू मंगलदास जी महाराज के पास आध्यात्मिक अध्ययन के लिए कालिमपोंग (पश्चिम बंगाल) भेज दिया तथा 1972 में बंसत पंचगी के दिन सिलीगुडी मंदिर में वैराग्यवेश प्रदान करते हुए सदानन्द नामकरण किया एवं गले में तुलसी की माना पहनाकर श्रीमद भागवत कथा करने के लिए आदेश दिया। तत्पश्चात ये न केवल भारतवर्ष अपितु विदेशों में भी आज तक 2226 श्रीमद् भागवत कथा कर चुके है। वर्ष 1972 में गुरु राधिकादास महाराज जी ने अपने शिष्य के रूप में कर्मनिष्ठा को देखते हुए उनका नामकरण सदानन्द के रूप में किया। स्वामी जी ने 8 हजार निर्धन कन्याओं का विशेष रूप से सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल), रांची (झारखंड), भिवानी, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद (हरियाणा) में सामूहिक विवाह जैसा पुनीत कार्य अपने कर कमलों से पूर्ण किया है। गोवंश सरंक्षण के लिए लगभग 113 गौशालाओं के निर्माण कार्य से 80 हजार बेसहारा गायों व नंदियों को आश्रय देने का पुण्य कार्य किया है।

---

## फुटपाथ दुकानदार को हटाने के पूर्व दुकान को पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करे प्रशासन : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने फुटपाथ दुकान को हटाने के पूर्व दुकानदारों को पुनर्वास करने की बात प्रशासन से की है। श्री सेठ ने कहा 2016 में नगर निगम के द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमें रांची के विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किए गए थे सर्वे के मुताबिक जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराई जाएगी। परंतु प्रशासन द्वारा अभी अतिक्रमण के नाम पर दुकान उजड़े जा रहे हैं यही नहीं हद तो तब हो गई कि बिना नोटिस के दुकानदारो को बिना समय दिए सीधे दुकान उजाड़ दिए जा रहे हैं, ठेला को जेसीबी से तोड़ दिया जा रहा है, गाड़ी उलट दी जा रही है, जो बिल्कुल ही गलत है। छोटे-छोटे वेंडर को प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन भी मुहैया कराया गया है हजारों वेंडर चलने वाले लोन लेकर व्यापार कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं दुकान हटा दिया जाने के बाद कहां से वह लोन चुका पाएंगे साथ ही उनके सामने जीवन यापन की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रशासन और नगर निगम अतिक्रमण के नाम पर वेंडर को क्षतिग्रस्त ना करें नगर निगम ऐसे 5901 वेंडर जो नगर निगम से निबंधित है उसके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।

## एक झलक

### धनबाद में ट्रैफिक व्यवस्था चौपट : ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह

**धनबाद** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह धनबाद जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने धनबाद के ट्रैफिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाया है। उन्होंने कहा है कि धनबाद के ट्रैफिक के पदाधिकारी और पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय हो गए हैं। धनबाद में चुस्त दुरुस्त और तेज तरार पुलिस पदाधिकारी का पद स्थापना होना चाहिए नहीं तो आए दिन यहां सैकड़ो लोगों की ट्रेन छूटती है। डॉक्टर के यहां मरीज देखने समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। कोर्ट में जाने वाले लोग समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं और यहां तक कि सरकारी कार्यालय में भी समय पर कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं धनबाद में ट्रैफिक व्यवस्था के नाम पर केवल दिखावा है और सक्षम पदाधिकारी नहीं होने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना झेलना पड़ रहा है मुख्यमंत्री को इस पर अभिलंब कदम उठाना चाहिए और धनबाद के ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने का अभिलंब निर्देश जारी करें या सक्षम पदाधिकारी को पदस्थापित यह जनता के हक में है।

### पेट्रोल पम्पों पर चलाया 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' अभियान

**धनबाद** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार धनबाद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' अभियान चलाया गया। मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर शुभम कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। मौके पर हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, आर.ई.ए. अमरेश कुमार एवं आइटी असिस्टेंट देवेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### नारायणा फाउंडेशन एण्ड हाई टेक हॉस्पीटल गोविंदपुर ने मोतियाबिंद के लिए शिविर का किया आयोजन

**अलकडीहा (धनबाद)** : शनिवार को जयरामपुर पुराना एरिया आफिस के पास नारायणा फाउंडेशन एण्ड हाई टेक हास्पीटल गोबिंदपुर के सौजन्य से मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 व्यक्तियों के आंखों की जांच की गई जिसमें 30 व्यक्तियों के आंखों में मोतियाबिंद की बिमारी पाई गई है। इस दौरान जांच दल ने कहा कि जिन मरीजों को मोतियाबिंद का आपरेशन कराना है वे अपना आधार कार्ड की छायाप्रति, दो फोटो और मोबाइल नंबर देंगे।

### यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के 87वें स्थापना दिवस पर बांटे लड्डू

**धनबाद/केंदुआ** : शनिवार को कुसुण्डा क्षेत्रिय कार्यालय के समीप यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की 87 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया एवं धनसार, न्यू गोधर कुसुण्डा, गोंदूडीह, खास कुसुण्डा, ऐना कोलियरी में भी स्थापना दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने इस यूनियन द्वारा मजदूरों का अधिकार, सम्मान और न्याय दिलाने वाले कामरेड को भी नमन किये तथा संगठित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कुसुण्डा क्षेत्रिय अध्यक्ष छोटू राम एवं पार्थ सारथी दत्ता, एस० कुमार, राजकुमार, दुर्गा प्रसाद हजारी, राजीव कु० सिन्हा, योगेश्वर महतो, मोहन राम, इन्द्र भुईया, शूरेन्द्र केशरी, मदन मोहन सेठ, शिव प्रसाद मुखर्जी, राजू प्रमाणिक, प्रदीप कुमार, मोनिका किस्कु, गुड़िया देवी आदि उपस्थित थे।

# दो दिवसीय श्याम अमृत महोत्सव को लेकर निकली निशान शोभा यात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**निरसा (धनबाद)** : तीन बानधारी भक्त मंडल चिरकुंडा द्वारा दो दिवसीय श्याम अमृत महोत्सव को लेकर शनिवार की सुबह चिरकुंडा सोनारडंगाल के रेलवे साइडिंग लाइन के समीप स्थित प्रकृति फार्म (पुराना एफसीआई गोदाम) से भव्य निशान शोभा यात्रा निकली। जिसमे महिलाए एवं पुरुष अपने हाथों में निशान लिए श्री श्याम बाबा के भजन गाते नाचते पैदल नियामतपुर दादी श्याम पहुंचें। इस दौरान, जगह जगह भक्तों के लिए जल पान की व्यस्था की गई थी। जानकारी देते हुए मंडल के अनिल शर्मा ने बताया कि चिरकुंडा मंडल द्वारा दो दिवसीय 16 वां श्री श्याम महोत्सव आज 405 भव्य निशान शोभा यात्रा चिरकुंडा से पश्चिम बंगाल के नियामतपुर स्थित दादी श्याम मंदिर तक जाएगा वहीं 5 जनवरी



रविवार की संध्या भजन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें नागपुर से कृष्ण प्रिया व जमशेदपुर से कृष्णा मूर्ति भजन गाकर श्री श्याम भक्त के श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेगें। जिसमें आप सभी श्याम भक्त सादर आमंत्रित है। इस मौके पर चिरकुंडा मंडल के अजय शर्मा, संजय शर्मा, बुद्धराम शर्मा, धनंजय शर्मा, टिंका गाडिया, संदीप जिंदल, किट्टू सरदार, भोला सिंह, संदीप अग्रवाल, गप्पू शर्मा, संजय केजरीवाल, श्यामा सेन, मनोज हड्डा, विक्की अग्रवाल, छोटू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, डब्लू बाउरी, अखिलेश्वर तिवारी, शंभू केडिया, महादेव अग्रवाल सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एव पुरुष उपस्थित थे।

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में शामिल हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु



**झरिया (धनबाद)** : लोक कल्याण हेतु अंग्रेजी नव वर्ष 2025 के शुभ अवसर पर कोयरी बांध झरिया में शनिवार की शाम सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। यजमान महेश गुप्ता थे। सामूहिक पाठ का उद्देश्य जन-जन में सनातन संस्कृति एवं हनुमान चालीसा पाठ पहुंचना था। मौके पर आचार्य बलदेव पांडे ने बताया कि कोयलांचल में विगत कई बरसों से हनुमान चालीसा का पाठ समिति द्वारा किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार भी 11 जनवरी को विराट स्तर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ लक्ष्मी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में किया जायेगा। सामूहिक पाठ में आचार्य बलदेव पांडे, राम श्रेष्ठ झा, कमल किशोर, प्रियंका कुमारी, निशा कुमारी, लक्ष्मी नारायण पांडे राजेंद्र प्रसाद, मोतीलाल विश्वकर्मा, आशा देवी, रंजीत विश्वकर्मा, उषा देवी, सिद्धेश्वर प्रसाद, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में अवैध ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने की सरकार से मांग की है। साथ ही कहा कि इससे दवाओं की अनियमित बिक्री को भी रोका जा सकेगा दवाओं की बिक्री और वितरण के लिए परामर्श पर्ची और अन्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है। जेसीडीए और एआईओसीडी ने मांग की है कि जन स्वास्थ्य और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सरकार का कदम जरूरी है झारखंड के 16000 केमिस्टों का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रधान और उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने तीसरी बार स्वास्थ्य मंत्रालय कल्याण को पत्र लिख कर कोविड-19 महामारी



के दौरान जारी अधिसूचना सीएसआर ई को रद्द करने की अपील की है। धनबाद अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने मांग की है की सरकार जल्द से जल्द इस आदेश को वापस ले अन्यथा झारखंड के तमाम दवा दुकानदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। झारखंड के महासचिव सुभाष मंडल ने भी सरकार से मांग की है कि इस कानून को जल्द से जल्द स्वास्थ कल्याण मंत्रालय वापस ले। बैठक में महासचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, राजेश सिंह, चंद्रशेखर गुप्ता, सुनील पोद्दार, अनुराग अग्रवाल, अमित गुप्ता, राकेश सिंह, अजय सिंह, नीलू सिंह, विकास अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, सुकांतो दत्त, आदित्य अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, चिंपू उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट में झारखंड टीम ने किया कमाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : झारखंड पिकल बॉल के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित आरवाईपी नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूनार्मेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक हासिल किए। 30 प्लस मेंस सिंगल्स में धनबाद के चंद्रदेव प्रजापति ने ओडिशा के राजेश को 15-7 के बड़े अंतर से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वहीं, 19 प्लस मेंस सिंगल्स ओपन




कैटेगरी में झारखंड के सोनू कुमार ने महाराष्ट्र के कुलदीप महाजन को हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही दीपक कुमार ने भी जोरदार खेल दिखाते हुए सानिश पाटिल को 11-10 से हराकर थर्ड पोजिशन प्राप्त की।

**झारखंड पिकलबॉल संघ का खिलाड़ियों को समर्थन**

**इस** ऐतिहासिक प्रदर्शन पर झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनकी यह जीत झारखंड के लिए गर्व का पल है और इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। संघ के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने कहा इनकी मेहनत और सफलता से झारखंड में पिकलबॉल का भविष्य उज्जवल नजर आ रहा है। झारखंड के सीनियर खिलाड़ी गौरव कुमार ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा हर खिलाड़ी को मेहनत जारी रखनी चाहिए। जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन लगातार प्रयास ही सफलता की पुंजी है।

**झारखंड के खिलाड़ियों को मिली राष्ट्रीय पहचान**

**इस** शानदार प्रदर्शन से झारखंड के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। यह उपलब्धि राज्य में पिकलबॉल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकेत देती है।

### अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के महाअधिवेशन का तीसरा दिन

## हुई अनेक रस्में, शामिल हुए विभिन्न प्रांतों से प्रतिनिधि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : देश की कोयला राजधानी धनबाद में किन्नरों की अधिवेशन पर शनिवार को कई कार्यक्रम किया, जिसमें मुख्य कार्यक्रम शिक्क बांटने की रश्म किया गए जो देश भर से आए लगभग चार हजार माईयों को दिया गया। इस संबंध में बोकारो की नायक बबीता किन्नर ने बताया की अभी तक पानीपत, पंजाब, मुंबई, इंदौर, लुधियाना, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों के प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंच चुके है और अभी कुछ रास्ते में है। इस मौके पर सिलीगुड़ी से आई अलावाया नायक ने कहा



की झारखंड में पहली बार हो रही किन्नरों का अधिवेशन में लगातार आना जारी है। आये हुए प्रतिनिधियों ने बताया कि हमलोगों झारखंड के बारे में बहुत कुछ सुना था मगर आने के बात बहुत भिन्न देखने को मिला। लोगों ने बताया कि झारखंड बहुत अच्छा राज्य है और धनबाद आने पर हमलोगों का भव्य स्वागत किया और साथ ही रहने खाने और विश्राम की व्यवस्था बहुत अच्छा है। तीसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से छम छम देवी नायक झरिया धनबाद, अलाव्य नायक सिलीगुड़ी, बबीता नायक बोकारो, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक, प्रेमा नायक, छोटकी नायक, ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो, ज्योति नायक, दिल्ली से एक्टर देवी किन्नर, सांवरिया, गीता नायक, आदि शामिल थे।

### धुंध व कोहरे का असर ट्रेनों पर, देर से स्टेशनों पर पहुंच रही हैं ट्रेनें

**धनबाद** : बढ़ती ठंड के कारण ट्रेनों के देरी का सिलसिला भी बढ़ता जा रहा है। धुंध और कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जा रही है। जिस वजह से ट्रेन लेट चलनी शुरू हो गई है। कोहरे के कारण धनबाद पहुंचने वाली ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला बढ़ गया है। लगभग सभी ट्रेनें घंटो देरी से धनबाद पहुंच रही है। शनिवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। शनिवार सुबह 6 बजे के आसपास धनबाद आने वाली नई दिल्ली -सियालदह राजधानी एक्सप्रेस रात 8 बजे के बाद धनबाद आयेगी। कई दूसरी ट्रेन भी धनबाद देर से पहुंची। शुक्रवार को सियालदह- राजधानी नई दिल्ली से लगभग 7 घंटे विलंब से खुली। शनिवार को जम्मू तवी-कोलकाता करीब 2 घंटे अधिक देरी से धनबाद पहुंची। इस तरह अजमेर- सियालदह एक्सप्रेस 2:15 घंटे, जोधपुर- हावड़ा मेल 5 घंटे देरी से धनबाद आयी।

## स्कूलों में अभियान चला कर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने धनबाद पब्लिक स्कूल, हीरक प्वाइंट तथा सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में बच्चों, शिक्षकों एवं स्कूल बस चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उनके बीच बुकलेट भी बांटे गए। साथ ही बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी एवं ट्रैफिक यातायात नियमों के बारे में बताया गया। छात्रों से अपने सगे संबंधियों व मित्रों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। उन्हें सीट बेल्ट, हेलमेट आदि की उपयोगिता बताई गई। साथ ही साथ स्कूल के वाहनों की जांच भी की गई और वाहनों में त्रुटि पाये जाने पर करीब 45000 रुपये का चालान भी काटा गया। मौके पर मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार, शुभम कुमार, हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, अमरेश कुमार, देवेंद्र कुमार एवं मुकुल कुमार उपस्थित रहे।



## सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती माली मालाकार मंच ने मनायी



**धनबाद** : भारत की प्रथम महिला शिक्षिका समाज सुधारिका एवं मराठी कवियत्री सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती शनिवार को माली मालाकार मंच ने झाड़ूडीह स्थित माली भवन में मनायी। इसमें धनबाद जिला माली मालाकार मंच के संरक्षक अनिल मालाकार, राजू मालाकार, राज माली, जितेन्द्र मालाकार, भुवनेश्वरी मालाकार, विजय मालाकार, शशि मालाकार, गोपाल मालाकार, आर्यन सैनी, कुमोद माली, भरत मान मालाकार, दिलीप मालाकार, गुड्डू मालाकार, रॉकी मालाकार, राजेश मालाकार, मंटू माली, सूरज माली, राजीव माली, जयंत कुमार आदि शामिल हुए। साथ में मंच के सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में शामिल हो ज्योतिवाई फूले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### सीएमपीएफ से जुड़ीं समस्याओं को लेकर जय बहादुर सिंह यादव ने कमिश्नर को लिखा पत्र

**जोरापोखर (धनबाद)** : बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्पालोइज वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री जय बहादुर सिंह यादव ने सीएमपीएफ से जुड़े विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर कमिश्नर को पत्र लिखा है। मजदूरों की समस्या को लेकर श्री यादव गंभीर है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कोल कर्मियों के अलावा कार्यरत कर्मचारियों को काफी दिक्कत सीएमपीएफ कार्यालय से हो रही है। उन्होंने बताया कि कार्यरत कर्मचारियों के साथ सीएमपीएफ निकालने एवं पेंशन लेने में सहयोग नही मिल रहा है जिस कारण कर्मचारियों को भटकना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में सीएमपीएफ कार्यालय की आये दिन शिकायत एसोसिएशन तक पहुंचती है।

## साइड वाल निर्माण में अनियमितता के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : भूतगड़िया में साइड वाल निर्माण में हो रहे घोर अनियमितता को लेकर स्थानीय लोगों ने शनिवार को प्रदर्शन करते हुए काम रोक दिया। नेतृत्वकर्ता रंधीर साव ने बताया कि उक्त कार्य डीएमएफटी योजना अंतर्गत पुटकी जामाडोबा मेन रोड से जीतपुर, भूतगड़िया ग्रामीण बस्ती तक होना है।यह कार्य ग्रामीण कार्य विभाग से आवंटित है जिसकी प्रकल्लित राशि 2 करोड़ 37 लाख रुपये है। इसको लेकर वर्तमान में भूतगड़िया में साइड वाल निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें घोर अनियमितता दिख रहा है। वाल के निर्माण में जो पत्थर इस्तेमाल किए जा रहे है वह काफी घटिया किस्म का है वही इसमें दामोदर नदी की कोयलायुक्त बालू का उपयोग किया जा रहा है जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि हद तो इस बात की है कि यह सड़क में बड़े वाहन का आवागमन नही होता है जिस कारण पूर्व से बना सड़क भी बिल्कुल ठीकठाक है ये सरकार के पैसे का दुरुपयोग है। प्रदर्शनकारियों में बिनेश यादव,राजा कुमार, संजय थापा, बबलू कुमार, रंजीत सिंह, कुणाल यादव, असफाक, त्रिलोचन तिवारी, शेरू अंसारी, सचिन कुमार, प्रीतम यादव,अमन कुमार, राहुल विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

### तालाब भर कर रोड बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**जोरापोखर (धनबाद)** : बरारी कोलियरी में परियोजना के विस्तार एवं ओबी डंपिंग को लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी बरारी कोलियरी में एक नया रोड बनाने का प्रयास कर रही थी, जिसमें डोम धौड़ा का तालाब भरने का प्रयास किया जा रहा था जिसका ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया। शनिवार को परियोजना पदाधिकारी ए के पाण्डेय, प्रबंधक एम एस शील तथा जनता श्रमिक संघ के बीच बरारी कोलियरी कार्यालय में वार्ता हुई। वार्ता में सहमति बनी की डोम धौड़ा का तालाब नहीं भरा जाएगा। जेसीबी से जंगल को साफ किया जायेगा, डोम धौड़ा में पीट वाटर, पीने का पानी तथा प्रभावित लोगों को रोजगार देने पर भी वार्ता में सहमति बनी है। बताते चलें कि ग्रामीण की शिकायत पर झरिया विधायक रागिनी सिंह गंभीर होने के बाद परियोजना पदाधिकारी एके पाण्डेय से बात की थी। जिसके बाद आश्वासन मिला था । मौके पर बबलू रजक, बब्लू भगत, गोपाल चोधरी, प्रेम नोनिया, रामाधार सिंह, जोगेंद्र कुमार, अरुण नोनिया, गौरी देवी, रंजू देवी, आदि लोग उपस्थित थे।

# कड़ाके की ठंड को देखते हुए विधायक रागिनी सिंह ने जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कम्बल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए झरिया विधानसभा क्षेत्र के बस्ताकोला मंडल के इंद्रा आवास, झरिया नगर सहित अन्य क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि झरिया की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती रागिनी सिंह उपस्थित हुई। उन्होंने गरीब लाचार जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया।

इस दौरान उपस्थित झरिया विधायक रागिनी सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब असहाय जरूरतमंद महिला



एवं बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि झरिया विधानसभा का मुख्य समस्या पानी की है जिसे जल्द से जल्द पुरी की जायेगी। इस दौरान मुख्य मुख्य रूप रामेश्वर जी उर्फ मुखिया, तरुण राय, पप्पू पासवान, अवधेश साव, संजू वर्मा, रामदेव शर्मा, श्रीमती शोभा देवी, प्रतिमा गिरी, श्रीमती सुनीता पासवान, श्रीमती सरिता सिंह, नंद किशोर साव, संजय कुमार, राहुल साव, संजय साव, धर्मेन्द्र साव आदि उपस्थित थे।

### जनता श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने विधायक को नववर्ष की दीं शुभकामनाएं



**धनबाद** : नव वर्ष के मद्देनजर शनिवार को जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सहायक सचिव सह कुसुंडा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश कुमार पासवान के नेतृत्व में क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, विश्वकर्मा परियोजना शाखा अध्यक्ष बिनय कुमार, शाखा सचिव शिव शंकर चौहान, कुसुंडा शाखा अध्यक्ष योगेश कुमार कुर्मी, शाखा सचिव श्रवण कुमार, ऐना शाखा अध्यक्ष संजय सोनार, धनसार सीएचपी शाखा सचिव ललन प्रसाद साव, घनुडीह कोलियरी शाखा अध्यक्ष आर पी प्रसाद, शाखा सचिव प्रमोद पासवान, गोधर कोलियरी शाखा सचिव मिथिलेश कुमार पासवान, शाखा कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार भूईयां, सनी कुमार, देवराज सिंह, उमेश दुसाध, वीरेंद्र कुमार साव, चंदन हरि, महफूज आलम, मनोज कुमार राय, रंजीत कुमार पासवान, जीतू बाऊरि, दिनेश भूईयां, भोला भूईयां, जगिया भूईयां आदि ने झरिया विधायिका सह महामंत्री जनता श्रमिक संघ कि श्रीमती रागिनी सिंह को बुके देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। विधायक श्रीमती सिंह ने भी उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दिये।

### झरिया विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं के निदान के लिए डीसी से मिलीं विधायक



**धनबाद** : झरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जन समस्याओं के निदान को लेकर शनिवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा मिली। डीसी धनबाद के आवासीय कार्यालय में हुई इस भेंट के दौरान झरिया विधायक ने उन्हें क्षेत्र में व्याप्त जल, विद्युत, सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर निष्पादन किए जाने का भरोसा दिलाया। वहीं, नव वर्ष के उपलक्ष पर विधायक श्रीमती सिंह ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें अपनी विशेष शुभकामनाएं दी।

# सर्दियों में कम्बल पर जमी गन्दगी साफ करने के लिए अपनायें ये टिप्स !

**सर्दियों** का मौसम आते ही सबसे पहले कम्बल की याद आती है। सर्दियों में ठंड से बचने के लिए कम्बल का उपयोग किया जाता है। लेकिन, सर्दियों के जाते ही 6-7 महीने के लिए कम्बल को पैक करके रख दिया जाता है। इस कारण इसमें गन्दगी जम जाती है। इसलिए सर्दियों में ठंड से बचने के लिए कम्बल के उपयोग से पहले इसे साफ करना आवश्यक होता है। ऐसे में यदि आप भी कम्बल की साफ-सफाई का तरीका जानना चाहते हैं, तो आएइ, हम आपको कम्बल को हाथ व मशीन से साफ करने के तरीके के बारे में बताते हैं...

कम्बल को साफ करने या धोने से पहले इसके लेबल पर लिखी गयी जानकारी अवश्य पढ़ लेनी चाहिए। इससे आपको यह पता चल जायेगा कि आप कम्बल को मशीन में धो सकते हैं या उसे हाथों से धोना है...या फिर, कम्बल धोने के लिए किस तरह के डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना चाहिए।

### धूप में क्यों सुखाना चाहिए कम्बल

**कम्बल** की सफाई करने से पहले इसे थोड़ी देर के लिए धूप में सुखा लें। ऐसा करने से कम्बल में मौजूद बदबू भी गायब हो जायेगी। वहीं, यदि कम्बल में खटमल या अन्य कोई कीड़ा होगा, तो धूप लगने से वह भी मर जायेगा।

### कम्बल से धूल हटाने का तरीका



**कम्बल** को उपयोग में लाने या साफ करने से पहले इस पर जमी धूल को जरूर हटाना चाहिए। धूल को हटाने के लिए आप बड़े ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आप वैक्यूम क्लीनर की मदद से भी कम्बल पर जमी धूल को साफ कर सकते हैं।

### हाथ से कम्बल धोने का तरीका



**यदि** आप हाथ से कम्बल धोना चाहते हैं, तो सबसे पहले एक बाल्टी पानी में माइल्ड डिटर्जेंट मिला लें। इसके बाद कम्बल को थोड़ी देर के लिए डिटर्जेंट वाले पानी में भिगो कर रख दें। करीब आधे घंटे तक पानी में भिगोने के बाद इसे अच्छे से धो लें। अब चार-पांच पानी से कम्बल को धोयें, जिससे कि इसमें डिटर्जेंट आदि न लगा रहे।

### मशीन में कम्बल धोना

**वॉशिंग** मशीन में सबसे पहले ठंडा पानी डालें। फिर लिक्विड डिटर्जेंट डाल कर पानी में अच्छे से मिक्स कर लें। अब इसमें कम्बल डाल कर मशीन को कम से कम दो बार तक चलायें। अच्छे से धोने के बाद मशीन का सारा पानी निकाल दें। फिर मशीन में साफ पानी डाल कर कम्बल को अच्छे से धो डालें। वहीं, मशीन में कम्बल धोने से पहले इसके वजन और साइज पर जरूर ध्यान दें। कम्बल धोने के लिए हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें।

### ऐसे धूप में सुखायें कम्बल

**कम्बल** को धोने के बाद उसे धूप में सुखाना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। लेकिन, धूप में सुखाने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि उसको उल्टा करके सुखायें। कम्बल में नमी नहीं रहनी चाहिए, क्योंकि यदि इसमें नमी रहती है, तो इसमें फफूंद लग सकती है। इसलिए कम से कम 02 दिन कम्बल धूप में अवश्य सुखाना चाहिए।

## दुनिया का पहला 'हाइब्रिड कपल'

# पहली महिला जो अक होलोग्राम से करेगी शादी !

**दुनिया** का पहला 'हाइब्रिड कपल', पहली महिला जो अकहोलोग्राम से शादी करेगी। दरअसल, कुछ ही दशकों में टेक्नोलॉजी का विस्तार काफी हद तक बढ़ा है। इसने इंसानी अस्तित्व के हर पहलू को बदल दिया है। पहिये के विकास से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता में नवीनतम प्रगति तक, प्रौद्योगिकी ने आधुनिक दुनिया के विकास में अहम भूमिका निभायी है। लेकिन, अगर हम कहें कि इसी टेक्नोलॉजी की बदौलत दुनिया में एक महिला अक; अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने पार्टनर से शादी करने जा रही है, तो शायद ही इस पर कोई यकीन करेगा। दअरसल, स्पेन की एक महिला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने पार्टनर से शादी करने जा रही है। यह दुनिया का पहला हाइब्रिड कपल होगा, जिसमें एक इंसान जीता जागता होगा, तो दूसरा आर्टिफिशियल होगा, अर्थात बनावटी होगा। दुनिया में पहली बार एक जीता-जागता इंसान वर्चुअल पार्टनर से शादी करेगा। आर्टिस्ट अलिसिया फ्रेमिस अकसे जेनरेट किये गये होलोग्राम से शादी करने जा रही हैं। अर्थात, अब तक जो चीजें साइंस फिक्शन फिल्मों में देखी जाती रही हैं, वे अब हकीकत का रूप ले रही हैं। अलिसिया का पति एक डिजिटल कृति होगा, जो होलोग्राफिक तकनीक और मशीन लर्निंग की मदद से बनाया गया होगा। अलिसिया दुनिया की पहली ऐसी महिला होंगी, जो इस तरह की शादी करने जा रही हैं। हाइब्रिड कपल नामक अकाउंट से इंस्टाग्राम पर इसके बारे में कई पोस्ट शेयर की गयी हैं। वहीं भविष्य में होनेवालीं शादियों और भविष्य के रिलेशनशिप के लिए यह एक बड़ा संकेत दे रहा है कि आनेवाले समय में रिश्तों का किस तरह का रूप देखने को मिल सकता है। बताया गया है कि अलिसिया अपनी शादी का वेन्यु भी बुक कर चुकी हैं और उनकी शादी की ड्रेस भी बनवा रही हैं। अलिसिया के अनुसार उनके पति का नाम एईलेक्स होगा और वह एक अधेड़ उम्र का मेल होलोग्राम होगा। इससे भविष्य में यह होगा कि कोई भी अपनी पसंद का डिजिटल पार्टनर खुद बनाना शुरू कर देगा। दरअसल, फ्रेमिस की इस शादी के पीछे उनका एक उद्देश्य है। महिला अपने एक नये प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं, जिसका नाम हाइब्रिड कपल है। प्रोजेक्ट के तहत महिला प्यार, आत्मीयता और पहचान की सीमाओं के साथ प्रयोग करने जा रही हैं। फ्रेमिस का कहना है कि वह एक्सप्लोर करना चाहती हैं कि डेली लाइफ में एक होलोग्राम के साथ रहना कैसा लगता है।




बात पते की

# जल ही जीवन, रोगों से लड़ने के अद्भुत गुण हैं इसमें

**जल** ही जीवन है। सम्पूर्ण जगत जल से भरा हुआ है। इसलिए रोगों में जल का निषेध होने पर भी जल को सर्वथा त्याग नहीं किया जा सकता। जल का महत्त्व इसी से सिद्ध हो जाता है कि तीव्र प्यास लगने पर यदि जल नहीं मिले, तो प्राण व्याकुल हो जाते हैं। एक बार अन्न के बिना व्यक्ति जी सकता है, लेकिन जल के बिना तो जीना ही मुश्किल है। चिकित्सा की दृष्टि से जल बहुत उपयोगी होता है, अतः प्राकृतिक चिकित्सा के अन्तर्गत जल चिकित्सा का उपयोग किया जाता है। पथ्य और अपथ्य की दृष्टि से, जल का उपयोग करने या न करने से सम्बन्धित कुछ जरूरी और उपयोगी सूचनाएं हैं, जो अत्यन्त उपयोगी हैं।

**शीतल जल पान :** **मूर्छा**, पित्त, प्रकोप गर्मी का प्रभाव, जलन, विष-विकार रक्त-विकार, मदात्यय, श्रम तमक, श्वास, उल्टी, उर्ध्व रक्त, पित्त आदि रोगों के रोगी को अन्न का पाचन हो जाने के बाद ठण्डा पानी पिलाना पथ्य है। अतः यह लाभकारी है, जबकि गर्म जल पिलाना अपथ्य अर्थात हानिकारक है।



**उष्ण जल पान :** **पार्श्वशूल**, प्रमेह, बवासीर, पाण्डु, जुकाम, वात रोग, अफारा, कब्ज, विरेचन, नवीन ज्वर, गुल्म, मंदाग्नि अरुचि, नेत्र रोग, संग्रहणी कफजन्यरोग, श्वास, खांसी, फोड़ा-फुन्सी और हिचकी इन रोगों के रोगी को गर्म या गर्म करके ठण्डा किया हुआ पानी पिलाना पथ्य है। दिन में सुबह उबाला हुआ पानी रात तक और शाम को उबाला हुआ पानी सुबह होने तक उपयोग में लाना चाहिए।

**अल्प जलपान :** **अरुचि**, जुकाम, मंदाग्नि शोथ, मुंह में खट्टा पानी आना, उदर रोग, तीक्ष्ण नेत्र रोग, नया ज्वर और मधुमेह रोग इस रोगों के रोगी को आवश्यकता होने पर, पानी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पिलाना चाहिए।

**शीतल जल निषेध :** **त्रिदोष** (सन्निपात) से पीड़ित रोगी को ठण्डा जल पिलाना या ठंडे पानी से स्नान कराना भयंकर रूप से हानिकारक ; अर्थात अपथ्य है।

**अधिक जल पान :** **एक** समय में एक गिलास से ज्यादा पानी पीने से आमाशय में आंव की वृद्धि होती है, अपच व कब्ज होता है। इससे कई प्रकार की अन्य व्याधियां होती हैं, इसलिए एक ही बार में अधिक जल पीना अपथ्य है।

**मधुर जल पान :** **शक्कर** मिला कर पानी पीने से कफ का प्रकोप होता है और वात का शमन होता है। मिश्री युक्त जल दोषनाशक और शुक्रवर्द्धक होता है। गुड मिला जल कफ वर्द्धक, पित्तकारक और मूत्रावरोधनाशक होता है, लेकिन पुराना गुड़ मिला जल पित्तनाशक व पथ्य होता है।

**जलपान निषेध :** **भोजन** के तुरन्त बाद, शौच के तुरन्त बाद, धूप में घूम कर आने पर बिना विश्राम किये, व्यायाम या भारी परिश्रम करने से शरीर में गर्मी उत्पन्न होने पर और भोजन के पहले या प्रारम्भ में जल पीना अपथ्य है।

**प्रातः ऊषापान :** **रात्रि** के अन्तिम प्रहर में उठ कर शौच जाने से पहले ठण्डा पानी पीना पथ्य है। लेकिन, शौच के बाद पानी पीना अपथ्य है। कफ प्रकोप के रोगी, बुखार से ग्रस्त और मन्दाग्नि से पीड़ित व्यक्ति के लिए ऊषापान करना अपथ्य है।

### जल पीने के कुछ नियम

- शीतल जल देर से और गर्म करके ठण्डा किया हुआ पानी जल्दी पचता है। कुनकुना गर्म पानी भी जल्दी पचता है।
- भोजन के आरम्भ में पानी पीने से कमजोरी आती है और अन्त में पीने से मोटापा और पेट बढ़ता है।
- अपच (अजीर्ण) होने पर जल पीना औषधि के समान होता है। भोजन के पच जाने के बाद अर्थात भोजन करने के लगभग डेढ़-दो घंटे बाद जल पीना बलवर्द्धक होता है। भोजन के मध्य में थोड़ा जल पीना अमृत के समान और भोजन के अन्त में जल पीना विष के समान हानिकारक होता है, क्योंकि यह भोजन को पचानेवाले रसों को पतला करके, अपच की स्थिति निर्मित करता है, जिससे अजीर्ण व कब्ज होता है।
- खाली पेट पानी पीना अपथ्य है। यदि कुछ खाये बिना ही प्यास लगे, तो पानी न पी कर शर्बत पीना चाहिए या कुछ खा कर ही पानी पीना चाहिए।
- पानी पी कर तुरन्त दौड़ना श्रम करना, पढ़ना, बोझ उठाना, सवारी पर बैठना और वाद विवाद करना, ये सब अपथ्य हैं।
- भूख, शोक, क्रोध और चिन्ता की स्थिति में पानी पीना अपथ्य तथा शान्त, प्रसन्न और सहज अवस्था में पानी पीना पथ्य है।
- अनजान स्थान का पानी पीना, अजनबी व्यक्ति द्वारा दिया हुआ पानी पीना, अंधेरे स्थान पर बिना देखे पानी पीना और लेट कर

# जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहते राम गोपाल वर्मा



**श्री**देवी बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस थीं, जिन्होंने साउथ के बड़े-बड़े दिग्गजों के साथ भी काम किया और वहां के प्रोड्यूसर्स की पहली पसंद थीं। बॉलीवुड में ऐसे कई फिल्ममेकर्स हैं जो उनके निधन के बाद भी उनकी एक्टिंग की तारीफ करते नहीं थकते। उनकी फिल्में फैंस को काफी पसंद आती हैं। 'चांदनी', 'प्रेमरोग', 'जुदाई', 'मिस्टर इंडिया', 'कुछ सच कुछ झूठा', 'आर्मी' जैसी कई फिल्में हैं, जिन्हें देखकर आज भी फैंस उनकी यादों में खो जाते हैं। श्री देवी की बेटी जान्हवी कपूर की तुलना अक्सर उनसे की जाती है। हाल ही में एक नामी प्रसिद्ध फि ल्म निर्देशक ने कहा कि लोग भले इस बात को कहते हैं, लेकिन उन्हें अभी तक जाह्नवी कपूर में अपनी मां जैसी बात नजर नहीं आई। उन्होंने साफ कहा कि मैं जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहता। 'रंगीला', 'सत्या', 'कंपनी' और 'भूत' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर रामगोपाल वर्मा अपने बेबाक अंदाज और तीखे बयानों के लिए अक्सर सुर्खियां बटोरते रहते हैं। हाल ही में राम गोपाल वर्मा ने एक इंटरव्यू में हिंदी सिनेमा की दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी के प्रति अपना प्यार और सम्मान जाहिर किया। साथ ही उन्होंने अपनी बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के बारे में भी अपनी राय शेयर की। जान्हवी कपूर के 'देवरा' के सह-कलाकार जूनियर एनटीआर ने कहा था कि उन्हें लगा कि फिल्म के फोटो शूट के दौरान एक फ्रेम में जान्हवी अपनी मां की हूबहू कॉपी थीं। हालांकि, रामगोपाल वर्मा ने इस तुलना को खारिज कर दिया और इसे 'श्रीदेवी का हैंगओवर' बताया। 'मुझे बेटी नहीं, मां पसंद है' कहकर उन्होंने श्रीदेवी के अभिनय की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रदर्शन ने एक दर्शक के रूप में मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मैं भूल गया कि मैं एक फिल्म निमार्ता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जान्हवी कपूर के साथ काम करेंगे? तो उन्होंने कहा, 'मुझे मां पसंद थी, बेटी नहीं' हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि वह यह बात किसी गलत इरादे से नहीं कह रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे करियर में कई बड़े सितारे रहे हैं जिनसे मेरा कोई कनेक्शन नहीं है, इसलिए जान्हवी कपूर के साथ फिल्म करने का मेरा कोई इरादा नहीं है।' वर्कफ्रंटवर्कफ्रंट की बात करें तो राम गोपाल वर्मा अपने 'सत्या' स्टार मनोज बाजपेयी के साथ एक फिल्म से वापसी करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में 'देवरा' में नजर आईं जान्हवी कपूर जल्द ही 'सनी संस्कार की तुलसी कुमारी' और 'परम सुंदरी' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।



# टेंशन नहीं, रिलैक्सेशन को मेंशन कीजिये !!



@राजीव थेपड़ा

**दोस्तों** अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी में मैंने अक्सर लोगों के साथ ऐसा पाया है कि वे अपने-अपने कामों में अपनी एकरसता से ऊबते हुए अपनी जिन्दगी को बेहद तनाव-युक्त बनाये रहते हैं ! जब तक कोई काम रहता है, तब तक तो वह काम में पिले रहते हैं, लेकिन फुर्सत पाते ही उन्हें अपनी जिन्दगी बदमजा-रसहीन और खुशियों से रिक्त लगने लगती है और जब ऐसी भावना जब उन्हें आती है, तो उसके बाद जो वे काम करते हैं, तो वह काम भी इसी तरह से अपने आप में ही तनावपूर्ण रहते हुए एक तरह से अनमने ढंग से और आनंद से रिक्त होकर और तनाव से युक्त होकर काम करते हैं !! उन्हें ऐसा करते देख कर मुझे बड़ा आश्चर्य होता है कि वह आखिर अपनी जिन्दगी से ऐसा क्या चाहते हैं ?? ईश्वर ने उन्हें ऐसा क्या नहीं दिया है कि वे अपने आप में खुश ना रह सकें ?? लेकिन, आदमी और इतनी आसानी से खुश हो जाये, तो वह आदमी ही क्या !!

मैंने देखा है कि लोग-बाग हर छुट्टी के दिन कहीं ना कहीं आउटिंग पर जाने को उत्सुक रहते हैं। अपने शहर से बाहर या शहर के अन्दर ही कहीं, किसी ऐसी जगह जहां वह आनंदित रह सकें और दो-तीन दिन की छुट्टी हो, तो शहर से बाहर जाकर इंजॉय करके आ सकें !! लेकिन, दोस्तों ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा नहीं हो पाता है, इसका कारण चाहे जो हो ! आर्थिक अभाव भी हो सकता है या अन्य कुछ कारण भी हो सकते हैं ; जैसे उन्हीं दिनों बच्चों की छुट्टियां ना होना या अन्य कोई आवश्यक कार्य आ जाना, तो इसके कारण उनका सोचा हुआ वह प्लान फिस्स हो जाता है और इस करके भी वह तनाव में आ जाते हैं !! लेकिन, प्यारे दोस्तों ! यदि आप चाहते हैं कि आपको अपनी जिन्दगी के रोजमर्रा के कार्यों से मुक्ति मिल जाये, तो विश्वास कीजिए कि ऐसा तो इस जन्म में कभी नहीं होनेवाला !! अलबत्ता, यह अवश्य हो सकता है कि आप अपने उन्हीं कार्यों में रस लेना शुरू कर दें, जिन कार्यों से आप तनाव महसूस करते हैं !!

दोस्तों ! जिन्दगी सदा ऐसी ही थी, ऐसी ही है और ऐसी ही रहेगी ! अगर आप जिन्दगी का रस खुद-ब-खुद नहीं ले सकते, जिन्दगी के प्रत्येक क्षण का आनन्द अपने आप को नहीं दिला सकते हैं और अपने नित्य प्रति के कामों को अपनी समस्त खुशियों के साथ नहीं कर सकते, तो मेरा विश्वास जानिए कि आपको कहीं आ-जाकर भी वह खुशी नहीं मिलेगी, क्योंकि कहीं चले भी जायेंगे, तो एकाध दिन के लिए, दो दिन के लिए, तीन दिन के लिए या फिर हफ्ते के लिए ही तो ? अगर आप सोचते हैं कि उन हफ्ते-या-दिनों के बाद आप फ्रेश हो जायेंगे और उसके बाद महीनों तक बहुत मजे से काम करेंगे, तो दोस्तों मेरा यकीन कीजिए कि ऐसा कभी नहीं होता है, क्योंकि जिन लोगों को कहीं भाग कर ही इंजॉय करने का मन में होता है, तो वे अक्सर सारे-सारे समय उन्हीं पलों के बारे में सोचा करते हैं कि वे कहीं जायें और इंजॉय करके लौटें और दुर्भाग्यवश ऐसा बहुत कम हो पाता है या नहीं भी होता है, तो ऐसे में सोचिए कि आप अपनी जिन्दगी को किस प्रकार अपने ही आप बेहूदा बनाये देते हो !!

दोस्तों ! हो सकता है कि आपके मन-अनुकूल जिन्दगी ना मिलने पर आप बहुत सारे व्यवहार अपने ही लोगों के साथ ऐसा कर डालते हैं, जो आमतौर पर आपको किसी के साथ भी नहीं करना चाहिए। आप अपने बच्चों को झिड़कने लगते हैं, आप अपने मातहतों के साथ असभ्यता से पेश आते हैं या आप अपने मां-बाप या सास-ससुर के साथ भी गलत ढंग से पेश आ सकते हैं और आते ही हैं, तो इस प्रकार आप खुद अपनी जिन्दगी नर्क बना डालते हैं और आप फिर यह भी सोचते हैं कि यह जिन्दगी बड़ी बदमजा है !! अब आप ही सोचिए कि आप यह क्या कर रहे हैं ? क्या आपको ऐसा करना चाहिए ? क्या ऐसा सम्भव है कि हर छुट्टी में आप कहीं चले जायें ? क्या ऐसा भी होना सम्भव है कि हर रविवार को आप निश्चित तौर पर कहीं चले ही जायें ? लेकिन, आदमी को पता नहीं क्यों, इसी प्रकार जीने की आदत हो गयी है और बहुत सारे लोगों के लिए तो, और खासकर स्त्रियों के लिए जिन्दगी में आनन्द या आजादी का मतलब यही है कि वे बिंदास जी सकें, नये-नये फैशनेबल कपड़े ला सकें, आये दिन नयी-नयी चप्पल, नयी-नयी जूतियां और नये-नये अन्य प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन ला सकें (भले ही उनका बजट उनकी इन रिहाहिशों के माकूल न हो !!) और उनको पहन-पहन कर अपने आप रिझा सकें और औरों को रिझा सकें !!

...तो क्या आजादी का यही मतलब है ? मेरे दृष्टिकोण से ऐसा नहीं है ! लेकिन, ऐसे लोग ऐसा ही सोचते हैं कि हम आज नहीं जायेंगे, आज बिंदास नहीं जीयेंगे, आज झक्कास नहीं जीयेंगे...तो, भला कब जीयेंगे ? क्या बूढ़े हो कर जीयेंगे ? लेकिन, दोस्तों ! इसका भी जवाब है ।

दोस्तों ! जिन्दगी का हर एक दौर होता है, बचपन का अपना एक दौर होता है, जिसमें आपको कोई जिम्मेवारी या नहीं होती, आप अलमस्त जिन्दगी जीते हैं। युवावस्था का एक अपना दौर होता है, जिनमें आपके ऊपर में अपना कैरियर बनाने की जिम्मेवारी आ जाती है और अपने आप को संवारने की जिम्मेवारी आ जाती है । उसके बाद गृहस्थ जीवन का अपना एक दौर होता है, जिसमें आप एक-दूसरे के साथ जीते हुए ( खुशी से जियो या दुखी होके, आपकी इच्छा पर निर्भर है !) तो, इस तरह से आप आगे बढ़ते हैं। फिर एक समय ऐसा आता है, जब आपके बच्चे जन्म लेते हैं और बच्चों के जन्म लेने के बाद आपकी जिन्दगी पूरी तरह से बदल जाती है, आपको चाहे या अनचाहे बच्चों के लिए ही जीना पड़ता है और खासकर बच्चों की खुशियों के लिए ही जीना पड़ता है ! तुर्रा यह कि अपने दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ में मिलते हुए हम अपनी-अपनी जिन प्रकार की मुकम्मल समस्याओं या अपने द्वारा निर्मित समस्याओं और तनाव का रोना रोते हैं, उसमें भी हम दरअसल एक-दूसरे को सहलाने का ही काम करते हैं, समझाने का कतई नहीं।क्योंकि, हम सबके पास बोई समस्याएं और स्वयं-निर्मित तनाव होते हैं, और क्योंकि वे हवा हवाई तनाव होते हैं, इसलिए हमें इन सब की बाबत एक-दूसरे को समझाना चाहिए। लेकिन, होता है इसका ठीक उल्टा है। हम बजाय एक-दूसरे को समझाने के एक-दूसरे का मोरल सपोर्ट ही करते हैं ! इस तरह से हम अपनी समस्याएं और भी ज्यादा बढ़ा लेते हैं !! अब जो लोग यह सोचते हैं कि 40 की उम्र के बाद या 50 की उम्र के बाद वे दो-दो तीन-तीन बच्चों को पालते हुए उसी प्रकार की बिंदास जिन्दगी जी लें या उसी प्रकार की झक्कास जिन्दगी जी लें, जिस प्रकार की जिन्दगी वे 18-20 या 25 साल की उम्र में जीते थे, तो ऐसा सोचना बिल्कुल फिजूल है। क्योंकि, दोस्तों ! जिन्दगी का हर दौर आता है, चला जाता है, लेकिन आप यह जानना सीखिए कि हर दौर की अपनी जरूरत है, अपनी ख्वाहिशे हैं, लेकिन एक दौर की ख्वाहिश कोई दूसरे दौर में पूरा करना चाहे, तो आप खुद अपने हाथों ही अपने जीवन को बेकार बना डालेंगे !! इसलिए, दोस्तों यह समझें कि आपको जीवन के किस दौर में क्या करना चाहिए और झक्कास और बिंदास जीने का एक ही तरीका है कि आप अपने साथ इंजॉय करें, आप अपने हर काम के साथ इंजॉय करें, आपके साथ में जो घट रहा है, उसको भी इंजॉय करें, जरूरी नहीं कि हर परिस्थिति आपके मन के अनुकूल ही आये और अगर मन के अनुकूल परिस्थिति नहीं आती है, तो आप अपनी जिन्दगी को तनाव में खर्च करें !! यह जिन्दगी के साथ में बेईमानी है और खुद के साथ में अन्याय भी !! इसलिए दोस्तों ! इन चीजों को भली प्रकार से जानिए-समझिए और अपनी जिन्दगी को बिंदास और झक्कास जीयें, लेकिन, अपने साथ खुद के साथ और खुद की जिम्मेदारियों और दायित्वों को भी झक्कास तरीके से, खुशमिजाज तरीके से पूरा करके, पूरा करते हुए, फिर आप देखियेगा कि आपके जीवन अपने आप अमृत घुल जायेगा और आप दूसरों के जीवन में भी अमृत घोलना शुरू कर देंगे ; खासतौर पर उनके जीवन में, जो हर पल आपके साथ रहते हैं, जीते हैं और इंजॉय करना चाहते हैं !!

## राशिफल

**मेष** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**वृष** — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा।

**मिथुन** — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क** — किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें, व्यर्थ के आडम्बरों से बचें।

**सिंह** — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की सम्भावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**कन्या** — शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**तुला** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनायें। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है।

**वृश्चिक** — कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**धनु** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**मकर** — सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**कुंभ** — विरोधियों के सक्रिय होने की सम्भावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**मीन** — कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवायें। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### हरिनारायण प्रसाद के उच्च विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष, मजदूर नेता एवं जनसमस्याओं में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्व हरिनारायण प्रसाद साहू की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने कहा कि अग्रज हरिनारायण प्रसाद सदैव मेरे हृदय में विराजमान हैं और सदा ही रहेंगे। श्री मिश्र ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के समस्त सदस्यगण से अपील की है कि स्व हरिनारायण प्रसाद साहू के उच्च विचार को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### श्रद्धालुओं का दल तीर्थ यात्रा के लिए हुआ रवाना

**मेदिनीनगर** : पांकी के राहेवीर पहाड़ी मंदिर से शुक्रवार को संध्या में 65 तीर्थ यात्रियों को पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता एवं ढुब पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाज सेवी जसवंत कुमार राम ने बजरंगबली का झंडा दिखाकर एवं सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए बस को तीर्थ यात्र के लिए रवाना किया। मौके पर श्रद्धालुओं ने बताया कि हम लोग पांकी से वाराणसी, विंध्याचल, अयोध्या,अषटभुजी, प्रयाग राज,चित्रकूट, सत्यम सुईयां, गुप्त गोदावरी, हनुमान धारा,गोकुल, वृंदावन, महाकुंभ सहित कई धार्मिक स्थलों के लिए हम लोग सभी श्रद्धालु पांकी से आज रवाना हो रहे हैं। मौके पर श्रद्धालुओं में से पप्पू सिंह ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर जाने से मन को शांति व सुकून की प्राप्ति होती है, शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस वर्ष पांकी प्रखंड वासियों महाकुंभ स्नान के लिए काफी उत्साहित हैं। समाज के लोग बढ चढ कर महाकुंभ की तैयारी में जुटे हैं,आज पहली तीर्थ यात्रा पांकी से शुरू की जा रही है। बहुत खुशी की बात है कि इस वर्ष बारह वर्ष के बाद महाकुंभ स्नान का संयोग प्राप्त हो रहा है। पांकी सनातन परिवार द्वारा आयोजित इस तीर्थ यात्रा कार्यक्रम में पुरुष, महिलाएं सभी शामिल हैं सभी तीर्थ यात्रियों ने जाने से पहले पांकी के रहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया, इसके बाद तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए।

### मानसिक विकार से ग्रस्त मां ने अपनी बच्ची की हत्या की

**गुमला** : घाघरा थाना क्षेत्र के बड़ा अजियातू गांव में दिल दहला देनेवाली घटना सामने आई है। मानसिक विकार से ग्रस्त मां फूलमानी देवी ने अपनी डेढ़ वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी को तेज धारदार सब्जी काटने वाली बैठी से गला रेत कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं आरोपी मां फुलमनी देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार रात की है, जब मृतका के पिता घर में खाना बना रहे थे। पत्नी से बच्चे को गरम कपड़ा पहनाने को कहा। इस पर फूलमानी ने बच्चे को लेकर घर में रखें सब्जी काटने वाला बैंठी से गर्दन रेत कर हत्या कर दी।

### महिला सहित तीन व्यक्ति घायल, पलामू ट्रैफिक प्रभारी ने पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर** : शहर थाना क्षेत्र के रेडमा ओभर ब्रिज पर बीती रात सड़क दुर्घटना में महिला सहित तीन व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, सहायक पुलिस के जवान शीतल प्रजापति घटनास्थल पर पहुंच कर तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी तीनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायलों में रेडमा बारालोटा निवासी रमेश तिवारी की पुत्री राखी कुमारी उम्र 30 वर्ष, रक्षा कुमारी उम्र 20 वर्ष और शहर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी कुलदीप राम का पुत्र नंदन कुमार उम्र 18 वर्ष का नाम शामिल है।

# हत्या के 05 आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : पिछले दिनों पुल निर्माण कार्य में लगे नाईट गार्ड बाल गोविंद साहू के हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड का खुलासा करते हुए जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने बताया कि 26 दिसंबर के रात्रि औरंगाबाद नदी पर बन रहे पुल के नाइट गार्ड बाल गोविंद साहू पिता स्वर्गीय मुंशी साहब ग्राम उलारा को लेवी के लिए हत्या कर दी गई थी, इस मामले में मृतक के पुत्र प्रदीप साहु के आवेदन के आधार पर लातेहार थाना कांड 211/24 धारा-103(1) /3(5) बीएनएस एवं 17 सीएल 10 दर्ज किया था। जिसके बाद घटना के खुलासे के लिए लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी टीम के द्वारा कांड के उद्भेदन हेतु लगातार सूचना एकत्र कर छापानारी किया जा रहा था। अनुसंधान के क्रम में तीन और चार जनवरी की रात्री छापामारी के क्रम में कांड में संलिप्त पांच संदिग्धों को ग्राम-मुसुर पिपरागडा केंन्दुआही से गिरफ्तार किया गया। पुछताछ एव अनुसंधान में ये बातें सामने आई की सभी अभियुक्त इस कांड में सम्मिलित रहे है और अनुसंधान में भी ये बात सामने आयी है कि सभी अभियुका घटना के दिन घटनास्थनल पर थे। सभी ने अपने अपराध स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि प्रदीप गंझू उर्फ प्रदीप सिंह उर्फ प्रदीप जी पिता स्व करीमन गंझू, के साथ मिलकर लेवी वसूलने और क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्म से एक



एसजेएमएम के नाम पर पर्चा छोक कर गार्ड को बेरहमी से हत्या कर दिया गया था। अभियुक्तों के निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त हथियार एवं टांगी को बरामद किया गया है। उन्होने बताया कि प्रदीप गंझू उर्फ प्रदीप सिंह उर्फ प्रदीप जी (चंदवा) के साथ लेवी हेतु क्षेत्र में दहशत फैलाने के उदेश्यं से एसजेएमएम के नाम पर पर्चा फेंक कर बालगोविंद साहु की हत्याश कर दी थी। गिरफ्तार आरोपियों में भुनेश्वेर सिंह उर्फ अंकित (21), रमेश सिंह (24), छोटे लाल उरांव (27), रामचंद्र उरांव (24) और सनोज उरांव (23) का नाम शामिल है. उनके पास से तीन भरठुआ, दो मोबाइल व हत्याउ में प्रयुक्तश एक टांगी बरामद किया गया है। छापामारी में एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े, पुअनि भागीरथ पासवान, मनोज कुमार, रामाकांत गुप्ता, राहुल सिन्हा। सुरेंद्र कुमार महतो, विक्रांत कुमार उपाध्यामय, सअनि नागेश्वर महतो, संतोष कुमार, मनीष राय व अरविंद तिवारी के अलावा लातेहार थाना के सशस्त्रअ बल के जवान, सैट-1 के जवान व तकनीकि शाखा के पुलिस कर्मी शामिल थे।

## मंत्री चमरा लिंडा ने प्रखंड में बन रहे एकलव्य विद्यालय का किया निरीक्षण, जतायी नाराजगी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड सरकार के अनुचित जाति/ जनजाति, अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने शनिवार को भरनो प्रखंड के सुकुरहुटू गांव में बन रहे एकलव्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस निमित उन्होंने विद्यालय भवन निर्माण में उपयोग होने वाले ईंट, सीमेंट, बालू सहित अन्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने उपयोग हो रहे फ्लाई ऐस ईंट को पटक कर जांच किया। जो घटिया क्वालिटी का निकला। इसपर उन्होंने काफी नाराजगी जताया। मौके पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि निर्माण कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित विभाग के पदाधिकारियों एवं संवेदक के प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रीना हांसदा, आलोक बागे, मुकेश उरांव, जतरु उरांव, संतोष तिर्की, सुशील तिर्की सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एसएसबी ने झांगुर ग्रुप सुप्रीमो के गांव में लगाया चिकित्सा शिविर

## महिला-पुरुषों व बच्चों की हुई नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बिशुनपुर** : सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 32वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर शनिवार को झांगुर ग्रुप के सुप्रीमो रामदेव उरांव के गांव देवरागाणी में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का उद्घाटन सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार गौरव प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह आदि लोगों ने संयुक्त रूप से की। जहां एसएसबी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हिमांशु गिरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर की टीम के द्वारा शिविर में पहुंचे महिला पुरुषों एवं बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य की जांच करते हुए दवा उपलब्ध करायी गयी और उचित चिकित्सकीय परामर्श दिये गये। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा वृद्ध असहयों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्पनी कमांडर अभिषेक कुमार गौरव ने कहा कि मोस्ट वांटेड रामदेव उरांव के गढ़ एवं गांव में उक्त शिविर का आयोजन करने का उद्देश्य यहां के लोगों को भय मुक्त वातावरण देना है साथ ही उनके स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा में जोड़ना है ताकि वे राज्य व देश का काम आ सके साथ ही साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम हो सके और क्षेत्र में रह रहे ग्रामीण अपने परिवार के साथ सुखद जिंदगी जीते हुए देश के विकास में भागीदारी बन सकें।

## स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : दिनकर स्पॉटिंग क्लब लोकया के तत्वाधान में स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 5 जनवरी से 11 जनवरी तक किया गया है इस टूर्नामेंट का उद्घाटन डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा के विधायक और आपके चहेते विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा दिन में 2:00 किया जायेगा। श्री चौरसिया ने बताया कि पूज्य पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया इसी मैदान में निरंतर जिला एवं राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन करते थे उनकी विरासत एवं उनकी सोच को आगे बढाते हुए प्रतिवर्ष हम लोग भी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करते हैं। इस टूर्नामेंट में बक्सर बिहार कोलकाता मुगलसराय पलामू छत्तीसगढ़ सोनभद्र बोकारो जबलपुर आदि टीम भाग ले चुकी है जिस में चार टीम सेमीफाइनल खेलेगी एवं दो टीम फाइनल खेलेगी फाइनल 11 -01-2025 को खेली जायेगी। साथ ही श्री चौरसिया ने क्षेत्र वासियों और खेल प्रेमियों से सादर निवेदन किया कि वह इस



फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेकर इसे सफल बनावे। मौके पर ज़िला पार्षद रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, अशेष चौरसिया, रामकरेश प्रसाद, मुखिया पती सुनील प्रसाद, व्यास राम चौरसिया, कमल किशोर चौरसिया, रामकृष्ण चौरसिया रामलखन प्रसाद बिनोद चौरसिया आदि लोग उपस्थित थे।

## उर्दू शिक्षक संघ की राज्य स्तरीय बैठक, आन्दोलन का निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड राज्य ऊर्दू शिक्षक संघ पश्चिमी सिंहभूम जिला इकाई के बैनर तले झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आये उर्दू शिक्षक-शिक्षिकाओं का मिलन समारोह सह परिचय कार्यक्रम शनिवार को पंप हाउस पिकनिक स्पॉट चक्रधरपुर में हुआ। संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उर्दू विद्यालयों एवं शिक्षकों के साथ भेदभाव कर रही है। कहने को झारखंड में सेकुलर सरकार है, लेकिन शिक्षा विभाग को चलाने वाले अधिकारी उर्दू विद्यालयों एवं शिक्षकों के हित में सोच नहीं रखते हैं। यही कारण है कि 2024 में उर्दू



विद्यालयों में नौ छुट्टियां कम दी गई थी और 2025 में जारी एकीकृत अवकाश तालिका में भी आठ छुटियां शुक्रवार को दे दी गई है, जबकि शुक्रवार को उर्दू विद्यालय बंद रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संघ इसका विरोध कर रही है। यदि एकीकृत अवकाश तालिका में संशोधन नहीं होता है तो हम पूरे राज्य में आंदोलन चलाएंगे और विभाग द्वारा जारी वर्तमान अवकाश तालिका को नहीं मानेंगे। अमीन ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के उस बयान का स्वागत किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि बंद पड़े सभी विद्यालयों को फिर से खोला जाएगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री से अपील किया रिक्त पड़े उर्दू शिक्षकों के पद में भी नियुक्ति का आदेश दे और अवकाश तालिका में संशोधन के लिए सरकार द्वारा हस्तक्षेप किए जाने की जरुरत है। पश्चिमी सिंहभूम जिला में ग्रेड 4 में प्रोन्नति दिए जाने में विलंब करने पर चिंता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 1994 बैच के उर्दू शिक्षकों के लिए प्रोन्नति में 10% आरक्षण दिए जाने का आदेश जारी किया था, जिसका अनुपालन किया जाए। मिलन समारोह में नव गठित पश्चिमी सिंहभूम जिला इकाई के पदधारियों और सदस्यों का परिचय कराया कर अभिनंदन किया गया। एकीकृत अवकाश तालिका का विरोध करने का निर्णय लिया गया। स्थानीय अवकाश के पर्व-त्योहार और तिथि का निर्धारण कर उपायुक्त व डीएसई को सूचित किया जायेगा। सभी ग्रेडों की प्रोन्नति दिए जाने की अपील विभाग से की गयी। इस दौरान बैलून फोर एवं गीत-संगीत मुकाबला का आयोजन किया गया, जिसके विजेता को पुरस्कृत किया गया।

## टोरी फ्लाई ओवरब्रिज समेत 14 सूत्री मांगों को लेकर माकपा ने किया कफन सत्याग्रह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : टोरी फ्लाई ओवरब्रिज समेत चौदह सुत्री मांगों को लेकर शनिवार को माकपा ने अपने पुर्व घोषित कार्यक्रम के तहत टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप कफन सत्याग्रह किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग रोजाना जाम की समस्या से जूझ रहा है, नेशनल हाईवे भी इसी रेल क्रॉसिंग से जुड़ा है, इस रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन अधिक होने के कारण क्रॉसिंग आधे घंटे से अधिक समय तक बंद रहती है। आवागमन के लिए रेलवे फाटक बहुत ही बड़ा बाधक बना हुआ है, क्रॉसिंग जाम



से दो व चार पहिया वाहनों की लंबी लाइन दोनों तरफ लग जाती है, एक ट्रेन गुजरती भी नहीं है कि दुसरी ट्रेन आ जाती है, फिर तीसरी ट्रेन और चौथा ट्रेन पास करने के बाद फाटक खुलती है। इस बीच स्कूली कॉलेज के बच्चे, अस्पताल, ब्लॉक, सरकारी दफ्तर जानेवाले लोग, पटना, चतरा, हजारीबाग, छत्तीसगढ़, रांची, गुमला, लोहरदगा आदि दुरदराज से चार पहिया वाहन, एम्बुलेंस में आने जाने वाले लोग जाम में फंसे रहते हैं। जाम में फंस कर अबतक कई मरीजों की मौत हो चुकी है। बालूमाथ रेलवे लाईन पर पैसेंजर ट्रेन नहीं चलने से इस रेल रूट पर आमजन को कोई लाभ नहीं हुआ बल्कि इसका फायदा शिर्फ कोयला कंपनियों और ठिकेदारों का हो रहा है।

## बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : बनहरदी कोयला खनन परियोजना, पीवीयूएनएल, ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों और बुजुर्गों को ठंड से राहत प्रदान करने के लिए कंबल का वितरण किया। इस कार्य को सीईओ, पीवीयूएनएल, आर.के. सिंह और जीएम के. चंद्रशेखर की उपस्थिति में ग्राम बारी और चेतर में किया गया। इस अवसर पर लगभग 350 जरूरतमंद व्यक्तियों, जिनमें बुजुर्ग भी शामिल थे। इसके अलावा, लातेहार स्थित वृद्धाश्रम और बाल आश्रम में भी कंबल वितरण का आयोजन किया गया। वहीं ग्राम सुरली में भी 150 ग्रामीणों के बीच कंबल वितरित किए गए। इस दौरान सीईओ आर.के. सिंह ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक जरूरतमंद को ठंड से बचाने के लिए सहायता पहुंचाई जाएगी। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और बुजुर्ग उपस्थित रहे, जिन्होंने परियोजना टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परियोजना से संबंधित प्रमुख अधिकारियों, के. चंद्रशेखर (महाप्रबंधक), एम. चंद्रसेगर (अपर महाप्रबंधक), आर.बी. सिंह (अपर महाप्रबंधक), सिद्धार्थ शंकर (उप महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक), भालेन्दु दावे (उप महाप्रबंधक), और विनेश कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक, आर एंड आर) मौजूद रहे ।

### ई-जनशिकायत कार्यक्रम में रायडीह-सिसई प्रखंड के नागरिकों ने भी सीके माध्यम से साझा की अपनी समस्या

## ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा की अध्यक्षता में ई-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़ कर अपनी समस्याओं को बताया। कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड से लगभग 20 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, जॉब कार्ड, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। रीना हांसदा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान करने के निर्देश दिए।



इस दौरान मुख्य रूप से जाती प्रमाण पत्र बनाने के सम्बन्ध में कई नागरिक प्रखंड कार्यालय आए , एवं बी भी सी से पूर्व ही प्रखंड स्तर पर ही उनकी समस्याओं का निवारण संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा कर दिया गया था। इसके अलावा भी कई समस्याओं जा समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में सिंचाई के लिए सुविधाओं का अभाव, डीप बोरिंग की आवश्यकता, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती, नाली निर्माण, सोक पीट निर्माण सहित अन्य समस्याएं थी। श्रीमती हांसदा ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया, इसके साथ ही पंचायत एवं ग्राम स्तरों की समस्याओं के निष्पादन हेतु ग्राम सभा करते हुए उक्त समस्याओं के निवारण करने के निर्देश दिये।

## उपायुक्त ने यातायात नियमों का पालन करने की जिलावासियों से की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर 1 जनवरी से 31 जनवरी तक झारखंड में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी को देखते हुए उपायुक्तन उत्कडर्ष गुप्ताड़ ने यातायात नियमों का पालन करने की अपील जिला वासियों से की है। उपायुक्त् ने जारी अपने संदेश में कहा कि इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में काफी बृद्धि हुई है। उन्होनने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का रोकना है हम सब की नैतिक जिम्मे वारी है। उन्होने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण ही सड़क दुर्घटनायें होती है। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चार चक्का वाहन चलाने वालों को सीट बेल्टो बांधने



की अपील की। कहा कि वाहन चलाते समय सुरक्षा बहुत जरूरी है। आपका अपना घर परिवार है। अगर दुर्घटना में कोई क्षति होती है तो इसका दुष्प रिणाम परिवार वालों को भुगतना पड़ता है। उन्होकने नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने की बात कही। कहा कि जब तक 18 वर्ष पूरी नहीं हो जाती तब तक वाहन चलाना मना है।

### डीडीसी ने आवास योजना व मनरेगा के तहत कार्यों की समीक्षा की

# लाभुकों को मनरेगा अभिसरण के तहत मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने डीआरडीए सभागार में मनरेगा एवं आवास योजना के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान वित्त वर्ष 2021-22 एवं उसके पूर्व की लम्बित 17263 योजना को तीव्र गति से एक सप्ताह के अंदर योजनाओं की समीक्षा कर मनरेगा सॉफ्ट में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में प्रखंड हुसैनाबाद में 5348, पाटन में 2766 एवं पाटन में 1165 योजनाएं लंबित है। इन सभी संबंधित बीडीओ को कार्य पूर्ण करने को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही गयी। मानव दिवस सृजन की समीक्षा में पाया गया कि माह जनवरी 2025 तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रखंड मेदिनीनगर द्वारा 37.27 प्रतिशत, पाटन द्वारा 43.39 प्रतिशत, हुसैनाबाद द्वारा 46.01 प्रतिशत, बिश्रामपुर द्वारा 46.51 प्रतिशत तथा पांकी द्वारा 49.95 प्रतिशत किया गया है। इसपर उन्होंने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए पंचायत वार समीक्षा कर



सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायत को चिन्हित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने, मानदेय में कटौती करने तथा कार्य मुक्त करने की अनुशंसा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे उन्होंने शत प्रतिशत आधार सीडिंग, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, तथा जियो टैग कराने का निर्देश दिया गया। वहीं आवास योजना की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन आवास एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं पीएम जनमन आवास अंतर्गत स्वीकृति एवं प्रथम गैप को 01 सप्ताह के अंदर कैम्प कर समाप्त करने का निर्देश दिया गया साथ ही अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्लिंथ एवं लिंटल हो चुके आवासों में लंबित द्वितीय एवं तृतीय किस्त का अविलम्ब प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। सभी आवास के लाभुकों को मनरेगा अभिसरण के तहत अनिवार्य रूप से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे।

## एक झलक

### उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**लोहरदगा** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को यातायात के नियमों के जानकारी और पालन कराने के लिए शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखा कर समाहरणालय परिसर से रवाना किया। जागरूकता रथों के जरिये लोगों को हेमलेट पहन कर दोपहिया वाहन चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन का परिचालन करने सहित अन्य जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केर-केट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, समाजसेवी संजय बर्मन, रोड सेफ्टी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

### साहिबगंज में गोली मार कर युवक की हत्या

**साहिबगंज** : साहिबगंज में शनिवार को जीरवा बाड़ी थाना क्षेत्र के पशुपालन कार्यालय के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। युवक की पहचान नवल कुमार उर्फ बड़कू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नवल को किसी का फोन आया था। इसके बाद वह घर से निकला था। इसी दौरान किसी ने पीछे से उसकी पीठ पर गोली चलाई। गोली शरीर को छेदते हुए आर-पार हो गई। युवक को अस्पताल जे जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक नवल कुमार गुल्ली भट्ठा के पांच मोड़वा के पास रहता था। इस घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। नवल के परिजनों ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। नवल ने बताया कि थोड़ी देर में आ रहा हूं। इसके बाद वह पैदल ही घर से निकला, जिसके बाद उसके पीठ पर गोली चलाई गई। परिजनों ने फिलहाल किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता और जीरवा बाड़ी थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे वारदात की छानबीन कर रहे हैं।

### अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति उपरांत दी गयी विदाई

**मेदिनीनगर** : सिविल कोर्ट पलामू के अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति उपरांत शनिवार को विदाई दी गई। बिदित हो कि मनोज कुमार 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए थे। इस मौके पर अभियोजन कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।लोक अभियोजक राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि मनोज कुमार सिंह ईमानदार एवं कर्तव्य निष्ठ अपर लोक अभियोजक के रूप में काम किया है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है ।श्री कुमार ने अपने सेवाकालीन समय में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक के रूप में मजबूत पक्ष रखने का काम किया है। तथा कई मामलों में उन्होंने मुजरिमों को सजा दिलाई है। उन्होंने बिना भेदभाव किए सभी के साथ सामंजस बनाते हुए अपर लोक अभियोजक के रूप में कार्य किया है। सेवानिवृत्ति के बाद शेष समय अपने परिवार व समाजहित में व्यतीत करेंगे।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल परिसर में जन औषधि केन्द्र का किया शुभारम्भ

# 20-80 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध होंगी दवाइयां

**■ स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ स्वच्छ शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था रखें दुरुस्त**



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**देवघर** : जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में आज दिनांक 04.01.2024 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर ने आमजनों हेतु सदर अस्पताल परिसर में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान मौके पर सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी, अस्पताल उपाधीक्षक उपस्थित थे। इसके अलावा मौके पर मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त श्री विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गई कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से आमजनों को सुलभ एवं बाजार की तुलना में 20 से 80 प्रतिशत सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आमलोगों को सुविधा और फायदा मिलेगा। साथ ही मेडिकल स्टोर में मरीजों की सुविधा हेतु फार्मासिस्ट को स्टोर पर रखा है। मौके पर उपरोक्त के अलावा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री राहुल कुमार भारती, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, चिकित्सकों की टीम, स्वास्थ्य कर्मी आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने की शिष्टाचार मुलाकात



**■ एफपीसी और एसएचजी ग्रुप के दीदियों द्वारा राजिका फूड्स अंतर्गत निर्मित उत्पादों को किया भेंट**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा** : मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन से उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को एफपीसी और एसएचजी ग्रुप के दीदियों द्वारा राजिका फूड्स अंतर्गत निर्मित उत्पादों को भेंट किया। राजिका फूड्स जो कि रागी प्रसंस्करण ईकाई का एक ब्रांड है, जिसे जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा स्थापित रागी प्रसंस्करण इकाई से संचालित किया जाता है। जहां मडुआ से विभिन्न प्रकार के उत्पादों बनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के इस पहल की सराहना की और इस कार्य में शामिल दीदियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

## वन विभाग गेट के सामने एक व्यक्ति से 40 हजार रुपये की लूट

# लुटेरों को अविलम्ब गिरफ्तार करे पुलिस प्रशासन : जेकेएम



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पलामू** : मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कचहरी के समीप वन विभाग गेट के सामने एक व्यक्ति से 40 हजार रूपए लूट लिए गए। घटना शुक्रवार की है। लेकिन शनिवार को खबर लिखे जाने तक इस संबंध में एफआइआर दर्ज नहीं की गयी थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार छतरपुर के रहने वाले रामावतार राम ने शुक्रवार को एसबीआई मेन ब्रांच से 40 हजार रूपए की निकासी की थी। पैसे जैकेट में रखे थे। बैंक से निकलते समय एक युवक ने उनसे पोस्ट ऑफिस के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की तो बताया कि उन्हें नहीं पता है। जोर से लघुशंका लगे रहने के कारण वन विभाग कार्यालय के सामने सड़क की दूसरी तरह जाकर लघुशंका की। लघुशंका करने के दौरान जैकेट से रूपए निकाल कर पैंट के पैकेट में रखे थे। इसी क्रम में दो युवक आए और उनसे 40 हजार रूपए लूटकर भागने लगे। विरोध करने पर एक रूमाल में बंधा बंडल फेंका। उन्हें लगा कि विरोध के कारण लुटेरे उनके रूपए फेंक दिए हैं। गिरे हुए बंडल को अपना पैसा समझ कर उसे उठाने लगे, इसी क्रम में लुटेरों को मौका मिल गया और वे मौके से भाग निकले। फेंके गए बंडल को खोलकर देखा तो उसमें कागज के नोट नुमा बंडल थे। रामावतार राम ने इस संबंध में आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। रामावतार राम की बेटी डा. जीपी सिंह के क्लिनीक में भर्ती है। रूपए निकाल कर वे वहीं पर जाने के लिए निकले थे। उन्होंने कहा कि रूपए छीनने के दौरान मदद की अपील की, लेकिन किसी ने सहयोग नहीं किया। झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर जेकेएम के पलामू के जिलाध्यक्ष विजय राम के बड़े भाई रामावतार राम से फारेस्ट विभाग के गेट पर लुटेरों के जरिये 40 हजार लूटने की घटना की कड़ी निंदा की और पुलिस प्रशासन से लुटेरों को शीघ्र गिरफ्तार कर लूटे गए रुपए वापस दिलाने की मांग की।

## जामाडोबा झामड़ा जल संयंत्र केन्द्र में भलभ व लीकेज की होगी मरम्मत

**झरिया (धनबाद)** : झामड़ा जल संयंत्र केन्द्र जामाडोबा से झरिया जल मीनार में जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन में सोमवार को मरम्मत होगा, झरिया एवं आस पास के क्षेत्रों में पानी जलापूर्ति व्यवस्था ठप रहेगी। जल संयंत्र केन्द्र के कर्मियों ने बताया है की 30 इंची का भलब खराब है, वही कई जगहों पर पाइप लाइन में लीकेज हैं। उक्त पाइप लाइन की भलब की मरम्मत एवं सभी जगहों के लीकेज की भराई की जायेगी। भराई करने से जामाडोबा 12 इंची जल भंडारण गृह में जल भंडार नही किया जायेगा। जल भंडार नही होने से झरिया जल मीनार को पानी की सप्लाई नही किया जा सकता है। सोमवार को झरिया ,बस्ताकोला सहित आस पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं होगी। वही जामाडोबा जल संयंत्र केन्द्र से होने वाले 18 इंची भौरा एवं पाथरडीह पाइप लाइन से भी पानी की सप्लाई बंद होने की आशंका से आशंकित हैं क्षेत्र की जनता। वहीं जल संयंत्र केन्द्र के अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया की 30 इंची पाइप लाइन में भलब सिलिप कर गया है, वही कई जगहों पर लीकेज हो गया है। सोमवार को मरम्मत कार्य किया जायेगा। 24 घंटे के अंदर झरिया एवं आस पास के क्षेत्र में होगी जलापूर्ति।

## यातायात प्रभारी ओम प्रकाश ने चलाया संघन वाहन जांच व जागरूकता अभियान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चंदवारा** : सड़क दुर्घटनाओं और आपराधिक मामलों को रोकने के लिए एक विशेष वाहन जांच अभियान का आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में शनिवार को मोटर साइकिल जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट और वाहनों के कागजात की गहन जांच की गई। यातायात प्रभारी ने दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने और वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ वाहन चलाने की निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट, बिना कागजात और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़ा जाएगा, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में कई पुलिस बल के जवान भी मौजूद थे, जिन्होंने पुलिस के प्रयासों को समर्थन दिया। इस प्रकार के अभियानों का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षा बढ़ाना और दुर्घटनाओं को कम करना है।

## झारखंड पब्लिक स्कूल ने आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल को 05 रन से हराया



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा** : कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे हैं इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में झारखंड पब्लिक स्कूल लोकाई, इंदरवा और आर पी मोदी इंटरनेशनल स्कूल लाराबाद के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आर पी मोदी इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने 22 ओवर में सभी विकेट खोकर 99 रन बनाये। जिसमें सत्यम ने 16 रन अमन ने 14 रन और अंकित ने 10 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए झारखंड पब्लिक स्कूल की ओर से आनंद और प्रिंस ने तीन-तीन विकेट तथा आर्यन और प्रमोद ने दो दो विकेट लिये। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड पब्लिक स्कूल की टीम ने 17 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। झारखंड पब्लिक स्कूल की ओर से प्रिंस ने 24 रन और फरहान ने 16 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए आर पी मोदी इंटरनेशनल स्कूल की ओर से सजल सत्यम ने 4 विकेट बलराज ने दो विकेट और श्रीकांत ने दो विकेट लिये। बेहतर खेल के लिए सजल सत्यम को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल ने किया सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन

# नववर्ष के पहले शनिवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : श्री हनुमान संकीर्तन मंडल परिवार के तत्वाधान में झुमरी तिलैया स्थित श्री अग्रसेन भवन में नववर्ष के पहले शनिवार को भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या मे महिलाए और पुरुषों ने हिस्सा लिया और भक्ति के सागर में डुबकी लगाई ।सुंदरकांड पाठ से पूर्व पंडित विजय पांडेय और गौतम पांडेय द्वारा पूजा अर्चना संपन्न कराया गया। यजमान के रूप में मण्डल सचिव विक्की केशरी शामिल हुए। लगभग दो घंटे तक चले इस सामूहिक पाठ में भक्तिमय वातावरण ने हर किसी को भाव-विभोर कर दिया। भक्ति के इस संगम में प्रसिद्ध भजन गायक नवीन पांडेय, आचार्य अनिल मिश्रा और आराध्या सिन्हा ने अपने मधुर कंठ से मंगल भवन अमंगल हारी और विभिन्न चौपाइयों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा भवन जयकारों और भक्ति के स्वरों से गूंजता रहा।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देवी-देवताओं का भव्य दरबार सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना। दरबार की सजावट और भक्ति का माहौल हर किसी को अद्वितीय अनुभव दे रहा था। सुंदरकांड पाठ के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने नववर्ष के मौके पर धर्म, भक्ति और समाज सेवा के संकल्प लिए। मंडल के सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भक्ति और सद्भाव का संदेश फैलता है। इस अद्भुत आयोजन ने श्रद्धालु भक्तों को भक्ति और समर्पण का नया संदेश दिया और नववर्ष को शुभ और मंगलमय बना दिया। मौके पर दीपा गुप्ता, सुनिली अठघरा, बबिता अग्रवाल, मुन्नी देवी, सुमन पाण्डेय, प्रतिमा वर्णवाल, रेनू तरवे, प्रेमलता देवी, शारदा देवी, सोनाली कप्सिमे, मुन्नी कप्सिमे, प्रियंका अग्रवाल, आशा वर्णवाल, बबिता देवी, अनुज सिंह, विशाल कप्सिमे, आशुतोष भदानी, सुजय सिंह, राहुल सिंह, रजनीश कुमार, लखन सिंह, विक्रम कुमार, विक्रम साव, पप्पू सिंह सहित अन्य श्रद्धालू उपस्थित थे।


### कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा
### (अभियंत्रण कोषांग)

**शुद्धि पत्र**


इस कार्यालय द्वारा निकाले गए **निविदा आमंत्रण सूचना संख्या** 04/2024–25 विज्ञापन संख्या – PR.NO.343409 Lohardaga(24-25).D में निम्नांकित संशोधन किया जाता हैं :–

परिमाण विपत्र की राशि – 10,000/– एवं
अग्रधन की राशि – 1,20,000/–
शेष यथावत् रहेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 343528 Lohardaga(24-25).D


# नक्सली गतिविधियों को लेकर एनआईए ने विष्णुगढ़ में की छापेमारी




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग स्थित नवादा के सीमेंट दुकान एम एम ट्रेडर्स की बिल्डिंग में शनिवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम के द्वारा नक्सली गतिविधि को लेकर छापेमारी की गई। इस मामले में बोकारो जिला के पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी गई कि एनआईए की 8 टीमों के द्वारा नक्सली समर्थकों के यहां छापेमारी की है। शनिवार तड़के सुबह से ही एनआईए की टीम गोमिया थाना क्षेत्र, चतरोचट्टी थाना क्षेत्र एवं विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में छापेमारी की कार्रवाई की है, जिसमें बोकारो पुलिस द्वारा उनकी मदद की गई। उक्त थाना क्षेत्रों के सुदूरवर्ती इलाकों में नक्सलियों के मददगार और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ है छापेमारी को अंजाम दिया गया है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नवादा में भी छापेमारी की गई। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष लुगू पहाड़ पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, मुठभेड़ के बाद नक्सलियों का एक लैपटॉप जब्त किया गया था। इस लैपटॉप से कुछ सुराग मिले थे। माओवादी जोनल कमांडर बिरसेन उर्फ चंचल दा उर्फ रघुनाथ मांझी का दस्ता मूवमेंट कर रहा था, इस दस्ते में 12 से 14 कैडर थे। इस मामले को एनआईए ने टेकओवर करते हुए जोनल कमांडर बिरसेन के साथ चार हार्डकोर नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। जिनमें बिरसेन उर्फ चंचल के अलावा एरिया कमांडर कुंवर मांझी, रामखेलावन गंझू, फूलचंद मांझी और अनुज महतो समेत अज्ञात पर केस दर्ज किया गया था। जिसके आधार पर एनआईए ने टीम गठित कर छापेमारी कर कार्रवाई की है। इस दौरान उक्त सभी छापेमारी स्थलों से संबंधित सभी घरों के सदस्यों के मोबाइल जब्त किए गए और दस्तावेज जब्त किए गए। हालांकि किसी की गिरफ्तारी की सूचना प्राप्त नहीं है। जब्त सामान की जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी एनआईए।


### जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला
### (जिला पर्यटन,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
रूम- C 301 नया समाहरणालय, भवन चंदाली, गुमला –835207 Email id- sportsgumla@gmail.com

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय पत्रांक–771 दिनांक 01.01.2025 के आलोक में पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीनस्थ खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के नियंत्रणाधीन गुमला जिला अन्तर्गत संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थनों को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक–11.01.2025 से 12.01.2025 तक किया जाना निर्धारित है।

विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विधा का नाम | वर्ग | आयोजन स्थल | निर्धारित तिथि व समय | रिपोर्टिंग का समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र खेल छात्रावास परमबीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला। | एथलेटिक्स | बालक | परमबीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला। | 11.01.2025 एवं 12.01.2025 9:00 बजे पूर्वा० से 5:00 अप० तक। | 8:00 बजे पूर्वा० परमबीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला। |
| 2. | आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला। | फुटबॉल | बालक | | | |
| 3. | आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र इण्डोर स्टेडियम, गुमला। | फुटबॉल | बालिका | | | |
| 4. | आवासीय बालक हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र संत इग्नासियुस उ0 वि0 गुमला। | हॉकी | बालक | संत इग्नासियुस स्टोट्रफ, गुमला। | | |
| 5. | आवासीय हॉकी बालिका प्रशिक्षण केन्द्र उर्सुलाईन उच्च वि0 गुमला। | हॉकी | बालिका | | | |
| 6. | बैडमिन्टन (बालक) शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बसिया, गुमला। | बैडमिन्टन | बालक | परमबीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला। | | |

**सामान्य दिशा निर्देश :–**
1. गुमला जिलान्तर्गत संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में निर्धारित खिलाड़ियो की संख्या के अनुरूप रिक्त स्थनों को भरा जाऐगा एवं प्रतिक्षा सूचि तैयार की जायेगी।
2. चयन मानक के आधार पर (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) पर खिलाड़ियों का परीक्षण किया जायेगा एवं परीक्षण परिणामों के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जायेगा।
3. खिलाड़ी को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा।

**आवासीय प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु निर्धारित दिशा–निर्देश निम्नवत् है :–**
1. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों में नामांकन हेतु 1 अप्रैल 2024 को 10 वर्ष की पूर्ण कर ली होगी एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा)।
2. ऐसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हें आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
3. मेडिकल फिटनेस– खिलाडी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामांकन किया जायेगा।
4. खिलाड़ी को माता/पिता/अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।

उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र जिला के अधिकारी वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु संबंधित जिला खेल समन्वयक– श्री मनीष कुमार हेमरोम, मो०– 9939316509 एवं खेल प्रशिक्षक (फुटबॉल–श्री रिजवान अली, मो०–7631007202 सुश्री बिना केरकेट्टा, मो०–7765808624 एथलेटिक्स प्रशिक्षक– श्री मनोज कुमार पाल, मो०–9956532609, हॉकी प्रशिक्षक–श्री शमंभू कुमार मो०–7033837789 एवं बैडमिन्टन प्रशिक्षण– ईमरान अली मो०– 9614547898) से सम्पर्क किया जा सकता है।

नोट:– भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला में रिपोर्टिंग करेंगे।

अधिक जानकारी हेतु उपर दिये गए नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला खेल पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO. 343602 District(24-25):D


## कोलकाता में सम्पन्न हुआ पांचवां खुला क्योरगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप

# झारखंड ने जीते 07 स्वर्ण और 06 रजत पदक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा** : पांचवा खुला क्योरगी ताकवांडो चैंपियनशिप 27 दिसम्बर से 29 दिसम्बर के संबंध में यह कार्यक्रम कोलकाता में सम्पन्न हुआ। इसमें कुल 18 राज्यों से करीब 1500 सौ खिलाड़ी भाग लिए, जिसमें 18 राज्यों से खिलाड़ी अपने - अपने राज्य का प्रदर्शन किए। जिसमें ताकवाडों फीडरेसन ऑफ इंडिया ने ऑर्गनाइज किया जिसमें झारखंड राज्य के करीब अलग - अलग जिलों से सत्तर खिलाड़ियों ने भाग लिए। जिसमें ताकवाडों डे-बॉडिंग के 13 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय लेवल पर भाग लिए, जिसमें झारखण्ड राज्य 22nd Runner-up ट्रॉफी प्राप्त किए तथा 7 खिलाड़ी स्वर्ण पदक तथा 6 खिलाड़ी रजत पदक प्राप्त किये। स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ियों का नाम - माना कुमारी 42kg, खुशी कुमारी 40kg, लक्ष्मी कुमारी 46 kg, नायशा कुमारी 45kg, रोजी प्रवीण 42kg, नाजिया प्रवीण 45 kg, खुशबु कुमारी 55kg, रजत पदक प्राप्त खिलाड़ियों के नाम - खुशबु कुमारी 39kg, लक्ष्मी कुमारी 56kg, सुहानी कुमारी 40kg, आदिति सिंह 40kg, पूनम कुमारी 49kg। कार्यक्रम में प्रशिक्षक अशोक कुमार को नेशनल में 22nd Runner-up प्राप्त हुआ।उपरोक्त विजेता खिलाड़ियों को उप विकास आयुक्त ऋतुराज एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा, अशोक कुमार डे बॉडिंग प्रशिक्षक कोडरमा उपस्थित थे।

## एक झलक

### सांसद विवेक ने केन्द्रीय वित्त मंत्री से की मुलाकात, नवादा के विकास पर बात

**नवादा** : नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार मुलाकात की। संसद ने आगामी बजटीय भाषण को लेकर बिहार के संदर्भ में कई प्रमुख विषयों को रखा। शनिवार को संसद विवेक ठाकुर ने बताया कि विकसित नवादा को लेकर कई प्रमुख विषयों पर चर्चा किया। जिसमें रजौली स्थित फुलवरिया जलाशय के पास न्यूक्लियर पॉवर प्लांट की स्थापना, नवादा-बिहारशरीफ नई रेल लाइन परियोजना और शेखपुरा-बिहारशरीफ-दनियावां-नेउरा नई रेल लाइन परियोजना के उद्घाटन को लेकर विस्तार से चर्चा किया। सांसद विवेक ठाकुर नवादा और शेखपुरा के विकास को लेकर काफी संवेदनशीलता दिखा रहे हैं। रेल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य तमाम मामलों में नवादाशेखपुरा को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने की दिशा में प्रयासरत हैं। उनकी सक्रियता को देख पब्लिक भी उनसे काफी उम्मीदें लगा बैठी है।

### परमान नदी पर बने पुल और एप्रोच पथ का विधायक ने लिया जायजा

**अररिया** : भारत-नेपाल को जोड़ने वाली प्रमुख मीरगंज में परमान नदी पर बने पुल और एप्रोच पथ का शनिवार को फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी ने जायजा लिया और एप्रोच पथ निर्माण कार्य में लगे एजेंसी को शीघ्र एप्रोच पथ निर्माण का कार्य फाइनल कर देने विभाग को हैंड ओवर करने का निर्देश दिया।
विधायक ने निर्माण कार्य में लगे संवेदक और एजेंसी को कई अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मामले को लेकर फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी ने कहा कि मीरगंज पुल निर्माण के बाद एप्रोच पथ का निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। उन्होंने बताया कि एक जनवरी को ही पुल का उद्घाटन किया जाना था और पुराने पुल को तोड़ा जाना था। ताकि यातायात बहाल हो सके। उन्होंने बताया कि भूधारियों का मामला सुलझा दिए जाने का दावा किया।

### गर्भवती महिला का फंदा से लटका मिला शव

**बेतिया** : बेतिया जिला पुलिस ने एक गर्भवती महिला की गले मे फंदा से लटका लाश को बरामद की है। पुलिस ने शनिवार को बताया नौतन स्थित कठैया विशुनपूरा मे शुक्रवार देर रात्री रामप्रवेश महतो कि पत्नि बबीता देवी की हत्या कर दी गई है। सूचना की आलोक मे पुलिस ने पहुंच घटनास्थल से गले मे फंदा से लटके बबीता की शव को बरामद की।एफएसएल टीम के पहुंचने के बाद जांचोपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतू बेतिया भेजा गया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट व एफएसएल टीम की जांचोपरांत ही हत्या या आत्महत्या की पता लगेगी।मृतका के घर मे केवल उसके बूढी सांस व बूढे ससुर भागीरथ महतो थे। जबकि उसका पति चार माह पहले गुजरात कमाने गया हुआ है। ससुर भागीरथ महतो को हिरासत मे लेकर पूछताछ की जा रही है। इस संदर्भ मे किसी के द्वारा कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ है।बेतिया पावर हाउस चौक स्थित स्व ब्रहमदेव महतो की बेटी बबीता कि शादी कठैया विशुनपूरा के रामप्रवेश महतो के साथ हुई थी। शादी के दो माह बाद रामप्रवेश महतो गुजरात कमाने चला गया था।

### पश्चिम चम्पारण में आग के सहारे कट रही जिन्दगी

**बेतिया** : पश्चिम चंपारण ज़िला में विगत कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की शीतलहर और ठंड से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अलाव के सहारे इस मौसम में जिंदगी काटने को विवश हैं ग्रामीण। तेज पछुआ हवा से कनकनी जैसा मौसम बना हुआ है। अंचल कार्यालय द्वारा चौक चौराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं किये जाने से आम लोगों को ठंड में परेशानी झेलनी पड़ रही है। ठंड का कहर वृद्ध और मासूम बच्चों पर पड़ने लगा है।ठंड से नन्हे बच्चे कोल्ड डायरिया जैसे बीमारी से ग्रसित हो रहें हैं। जनवरी के प्रारंभ में कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गांव में जगह जगह अलाव जलाने की व्यवस्था लोग कर रहे हैं।दिनभर कुहासे में लोग ठिठुर ठिठुर कर जीवन बसर करने को मजबूर है।

## राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-2025 के कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की उमड़ी भीड़

# परम्परागत व्यंजनों और उत्पादों की धूम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024-2025 अब अपने समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन लोगों का उत्साह कम नहीं हो रहा है। आज मेले में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

**आदिवासी कला और संस्कृति का नया रूप**

**इस** वर्ष सरस मेला ने पारंपरिक आदिवासी कला और संस्कृति को आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। पलाश ज्वेलरी और वस्त्रों से सजे मॉडलों ने मंच पर अनूठा प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने बेहद सराहा। मेले में झारखंड की कला, हस्तशिल्प और संस्कृति का जीवंत अनुभव देखने को मिला।
मेले में झारखंड के स्थानीय स्वादिष्ट व्यंजनों, जैसे दीदी कैफे के पकोड़े, छिलका, बालूशाही और अन्य परंपरागत व्यंजन लोगों को खूब पसंद आए।

**किताबों की दुनिया से रुबरू**

**खादी** एवं सरस महोत्सव में भारतीय परिधानों, हस्तशिल्प और



व्यंजनों के अलावा जो सबसे अधिक लोगों को पसंद आ रहा है वह है किताबें। यहां अध्यात्म से लेकर आदिवासी संस्कृति तक की सारी किताबें मिल रही है। रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से पुस्तक विक्रय केंद्र लगाया गया है जहां आपको रामकृष्ण से जुड़ी हर तरह की किताबें मिल रही हैं। वहीं डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध रांची की ओर से भी प्रकाशन सह विक्रय केंद्र का स्टॉल लगाया गया है। यहां उरांव, संथाल, कोरबा, असुर, ट्राइबल लाइवहुड सहित हर तरह की पुस्तक उचित मूल्य पर मिल जाएगी। इसके अलावा योगदान सत्संग समिति की तरफ से भी स्टॉल लगाया गया है जहां आपको परमहंस योगदानंद और योगदा सत्संग से जुड़ी हर तरह की किताबें यहां मिलेगी। आज शनिवार को दिनांक कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में मुकेश तिवारी एवं दल, रांची द्वारा हिन्दी गायन एवं श्रीमती सिम्मी गोस्वामी एवं दल, राँची द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया। श्रीमती वर्षा रितु एवं श्रीमती सिम्मी गोस्वामी के दल द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही, Mrs- Khadi FashionShow को जैविक बास्केट द्वारा प्रायोजित किया गया जिसमें Mrs- Khadi Fashion Show में मिसेस खादी प्रथम मिनाक्षी पाण्डेय, द्वितीय कृति सहाय एवं तृतीय रीना कुमारी रही। बच्चों के लिए आयोजित गायन प्रतियोगिता में पांच से बारह आयु वर्ग में प्रथम स्थान आकाश गुप्ता, द्वितीय स्थान ऐश्वर्यम शर्मा एवं तृतीय स्थान जशरीत कौर ने प्राप्त किया।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में 22 महिला कृषकों के बारह दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का हुआ समापन



**एजेंसी**

**अररिया** : अररिया कृषि विज्ञान केंद्र में अनुसूचित जाति उप योजना अंतर्गत 22 महिला कृषकों का 12 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शनिवार को समाप्त हुआ।प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर सुमन कुमारी ने प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र में उन्होंने जिले के प्रेमनगर, इतरा एवं अररिया आरएस से आए हुए महिला प्रशिक्षणार्थी को संबोधित करते हुए बताया कि मशरूम की खेती कर महिला आत्मनिर्भर एवं अपने जीविकोपार्जन में सुधार कर सकते हैं। साथ ही साथ एक अच्छी मुनाफा बहुत कम समय में बिना जमीन के भी कर सकते हैं। साथ ही साथ ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चे जिसमें कुपोषण की समस्या हो एवं खून की कमी हो, को मशरूम का सेवन कर अपने कुपोषण को दूर कर सकते हैं।

## उपायुक्त ने चौक-चौराहों पर अलाव की समुचित व्यवस्था कराने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा रांची जिला में पड़ रहें शीत लहर को देखते हुए रांची जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी को विशेष रूप से निर्देश देते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने रांची जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी जरूरतमंदो को कंबल वितरण करने का निर्देश दिया गया है। जिसपर लगातार रांची जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी



द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है। साथ ही प्रखंड और पंचायतों में अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है। उपायुक्त रांची, द्वारा शीत लहर को देखते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए गए है। उनके द्वारा विशेष रूप से कहा गया है, की बेघर लोगों को ठंड में किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका ख्याल रखें। साथ सड़को चौराहो पर रह रहें लोगों को आश्रय गृह में रखें। जानकारी हो की उपायुक्त रांची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा ठंड के मद्देनजर स्वयं रात्रि में भ्रमण करके तमाम व्यवस्था को देख रहें है, उनके द्वारा जरूरतमंदो को कम्बल भी दिया गया। जानकारी हो की जिला में पड़ रही शीत लहर को देखते हुए विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कठिनाईयों को देखते हुए दिनांक 06.01.2025 एवं 07.01.2025 को जिले के सभी कोटि के सरकारी उच्च / मध्य / प्राथमिक विद्यालय एवं सभी निजी विद्यालय पूर्णतः बंद करने का निर्देश दिया गया है।

## ठगी का धंधा करते 05 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नवादा** : नवादा जिले के वारिसलीगंज में शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर पंचायत स्थित फतहा गांव के पैक्स गोदाम से सटे बगीचा से स्थानीय पुलिस ने ठगी के धंधे में लिप्त पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जबकि पुलिस को देखते ही अन्य साइबर ठग भागने में सफल रहा। बताया गया कि किसी ने इन साइबर अपराधियों द्वारा ठगी करने की शिकायत स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने आनन-फानन में एक टीम का गठित कर उक्त स्थल पर धावा बोला ।जिसमें कुल पांच साइबर अपराधी को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। जबकि शेष साइबर अपराधी पुलिस को देखते ही फरार हो गया। गिरफ्तार साइबर अपराधियों की पहचान शेखपुरा जिले के मुरारपुर निवासी कमलेश प्रसाद के पुत्र रणवीर कुमार,वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चकवाय गांव निवासी उमेश प्रसाद के पुत्र मनीष कुमार व भोला राऊत के पुत्र शनि कुमार,मोहिउद्दीनपुर पंचायत के फतहा गांव निवासी पारसनाथ सिंह के पुत्र गुलशन कुमार एवं मीरविगहा गांव निवासी कारु तांती के पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से चार कीमती मोवाइल जब्त किया गया है.जिसमें पुलिस ने ठगी से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की.बाद में पुअनि प्रभु प्रसाद गुप्ता के लिखित आवेदन पर गिरफ्तार पांच साइबर अपराधियों के अलावा कुल चौदह साइबर ठगों के विरुद्ध स्थानीय

## तेजस्वी यादव के मोतिहारी आगमन व कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम की सभी तैयारी हुई पूरी : मनोज यादव



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण** : बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के मोतिहारी आगमन को लेकर शनिवार को राजद नेताओ ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। रविवार 5 जनवरी को तेजस्वी यादव मोतिहारी पहुंच रहे है। जहां वे मोतिहारी शहर के राजा बाजार स्थित बापू सभागार में आयोजित कार्यकर्ता दर्शन सह जन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेगे। कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।जिसका जायजा लेने के बाद राजद जिलाध्यक्ष सह विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव का यह कार्यक्रम मुख्य रूप से कार्यकताओं से संवाद करना है। जहां वे कार्यकर्ताओ से फीडबैक लेंगे।इसको लेकर जिले भर के राजद कार्यकर्ताओ को प्रवेश पत्र दिया गया है। सभी को प्रवेश पत्र के साथ ही मीटिंग हॉल में जाना है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह विधायक डॉक्टर शमीम अहमद, पूर्व विधायक राजेंद्र राम,पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव, प्रधान महासचिव सुरेशो सहनी, मणि भूषण श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी जावेद अहमद मुनीलाल यादव राजेंद्र यादव मनोज यादव,कुमार शिवम शाह मिलन यादव लखविंदर यादव सहित राजद अन्य नेतागण उपस्थित थे।

## बुंडू अनुमंडल में पुलिस ने 38 .5 एकड़ भूमि पर अफीम की फसल को किया नष्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू** : एसडीपीओ ओम प्रकाश के नेतृत्व में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध तमाड़,बुंडू, दशमफल एवं सोनाहातू थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाई गई। इस दौरान बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत एदलहातु सलगाडीह स्थित वन क्षेत्र में लगभग 09 एकड़ भूमि पर, तमाड़ थाना अंतर्गत बरनिया वन क्षेत्र में नदी किनारे लगभग 25 एकड़ भूमि पर, सोनाहातु थाना अंतर्गत बिरडीह स्थित कांची नदी के किनारे लगभग 5 एकड़ भूमि पर तथा दशमफाल थाना स्थित हुसिरहातु एवं कदलडीह वन क्षेत्र में 04 एकड़ भूमि पर कुल 38.5 एकड़ अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया गया।छापामारी अभियान में एसडीपीओ बुंडू के आलावे,बुंडू थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा,अमित कुमार, सहायक कमांडेंट, एसएसबीसी कंपनी, बासुकोचा,थाना प्रभारी, तमाड़, रोशन कुमार, थाना प्रभारी सोनाहातू चंदन कुमार, थाना प्रभारी, दशमफल प्रशांत गौरव आदि के साथ जैप, सैप, एसएसबी एवं पुलिस थानों के सशस्त्र बल शामिल थे।

## रेलवे उप समिति की बैठक सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रेलवे उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में संपन्न हुई। बिहार और पश्चिम बंगाल की तर्ज पर झारखण्ड में फास्ट मेमू ट्रेन के परिचालन की आवश्यकता बताते हुए सदस्यों ने रांची रेलमंडल द्वारा इस दिशा में पहल करने की मांग की। यह कहा गया कि गढवा रोड से रांची (वाया डाल्टनगंज), लातेहार, टोरी, लोहरदगा तक, रांची से हजारीबाग टाउन (वाया मेसरा) फास्ट मेमू चलाई जाय। चैंबर के रेलवे उप समिति चेयरमेन और रांची रेलमंडल में डीआरयूसीसी के सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि राज्य के प्रमुख जिलों को राजधानी रांची से जोडने के लिए फास्ट मेमू ट्रेन का परिचालन जरूरी है ताकि ग्रामीण जनता को सस्ती रेल सेवा का लाभ मिल सके। नये साल की शुरूआत से रांची से कई ट्रेनों के समय में बदलाव के कारण यात्रियों को होनेवाली असुविधा पर भी चर्चा हुई। पूर्व में कराये गये टिकट में ट्रेन की पुरानी समय-सारिणी का उल्लेख होने तथा बदले गये समय की सूचना की जानकारी नहीं होने के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है। नये समय की विधिवत सूचना नहीं होने के कारण कई यात्रियों की ट्रेन छूट गई है। कहा गया कि रांची रेल मंडल द्वारा यात्रियों को नये समय सारिणी की विधिवत सूचना देने की पहल करनी चाहिए। यात्रियों की मांग को देखते हुए महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने गोरखपुर से चलकर संबलपुर (वाया हटिया) तक परिचालित होनेवाली ट्रेन संख्या मौर्या एक्सप्रेस का ठहराव गोविंदपुर रोड और बानो स्टेशन पर करने की बात कही। सह सचिव नवजोत अलंग ने रेलवे कॉलोनी और अनंतपुर की तरफ से रांची रेलवे स्टेशन तक एप्रोच रोड निर्माण कार्य की गति धीमी होने पर चिंता जताई और कार्य में तेजी लाये जाने को जरूरी बताया। यह भी कहा गया कि प्राइम-टाइम की ट्रेनों के समय एस्केलेटर कार्य नहीं कर रहे होते, जिस कारण यात्रियों को असुविधा होती है।

## प्रेस क्लब रामगढ़ ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## क्लब का कार्य सराहनीय, एक-एक सदस्य बधाई के हैं पात्र : पुलिस अधीक्षक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वावधान में क्लब परिसर में आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के द्वारा शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत क्लब के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार बीरू एवं सचिव धनेश्वर प्रसाद के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, सह सचिव ब्यास शर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारणी सदस्य रितेश कश्यप, दीपक कुमार, सौरभ नारायण सिंह आदि के द्वारा आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के चिकित्सकों और कर्मियों का स्वागत किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि और क्लब के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत




शुभारंभ किया गया।

**प्रेस क्लब का कार्य सराहनीय, नयी ऊंचाई को छुए क्लब**

**मौके** पर मुख्य अतिथि अजय कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब रामगढ़ के द्वारा इस शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया गया है। इसके लिए उन्होंने सभी पत्रकारों को शुभकामनाएँ दी और भविष्य में इसी तरह के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र के तीन स्तंभ न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका अपने अपने कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार चौथा स्तंभ जिसे पत्रकारिता कहा जाता है उनकी भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। वो भी अपना कार्य बखूबी कर रहा है।

**एसपी ने करायी नेत्र जांच**

**इसके** बाद पुलिस अधीक्षक ने शिविर में शामिल होकर। खुद अपना नेत्र जाँच कराया। जिसके बाद क्लब के पदाधिकारियों से पत्रकारों के बेहतरी पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर पत्रकारिता करे, जनहित के मुद्दों को पटल पर निष्पक्षता से रखें। पुलिस आपकी सुरक्षा को लेकर हमेशा तैयार एवं तत्पर है।

**इन्होंने किया शिविर को सफल**

**कार्यक्रम** को सफल बनाने में आँख जाँच के लिए आरिश हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. रोशन कुमार, मार्केटिंग मैनेजर गौतम रवानी एवं ऑर्किड हॉस्पिटल से डॉक्टर मारुति नंदन और सिस्टर स्वाति और साथी ने अहम योगदान दिया। शिविर के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले उनके टीम लीडर एमडी काशिफ अख्तर की भी भूमिका अहम रही।
मौके पर नीरज अमिताभ, अमित सिन्हा, तरुण बागी, अशोक मेहता, संजय शुक्ला, अनिल विश्वकर्मा, अवध किशोर शर्मा, दीपक कुमार साहू, अरविंद वर्मा, कार्तिक कुमार, विनीत शर्मा, दिनेश कुमार, आशीष कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, अंकित कुमार, पंकज सोनी, राकेश कुमार, सतीश सिंह, दानिश पटेल, अजय कुमार सिंह, हीरा सिंह, आरिफ कुरैशी आदि पत्रकार मौजूद थे। इनके साथ ही रेड क्रॉस सोसाइटी के अनूप कुमार, मनोज मंडल, प्रोफेसर डॉक्टर संजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# रितेश बैस ने मुख्यमंत्री को दीं नववर्ष की शुभकामनाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखण्ड के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के सुपुत्र रितेश बैस ने मुलाकात कर नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### सांसद और विधायक ने सीएम को दीं नववर्ष की शुभकामनाएं

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद कालीचरण सिंह एवं विधायक जनार्दन पासवान ने मुलाकात कर नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।





### सिख समुदाय से प्रतिनिधिमण्डल ने दिया सीएम को आमंत्रण



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिख समुदाय से एक प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को 19 जनवरी 2025 को गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित 'गुरु गोविन्द सिंह जयंती उत्सव' में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष रणजीत सिंह हैप्पी, झारखंड सिख फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, सचिव परमजीत सिंह, हरजीत सिंह स्विंकी, ऋषि छाबड़ा, तविंदर सिंह, गुरनाम सिंह, सोनू सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### सीएम से मिलीं अजिता भट्टाचार्य, दी नववर्ष की बधाई



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग की सदस्य अजिता भट्टाचार्य ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

### सीएम से मिले पुलिस विभाग के आलाधिकारी, दीं नववर्ष की शुभकामनाएं



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जेल आईजी सुदर्शन मण्डल, आईजी ऑपरेशन ए. वी होमकर, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, एसएसपी रांची चन्दन सिन्हा एवं जैप-10 कमांडेंट पीयूष पांडेय ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी सभी को नव वर्ष की बधाई एवं उनके मंगलमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### प्रधान सचिव समेत अन्य ने दीं सीएम को नववर्ष की शुभकामनाएं



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव मुकेश कुमार, सचिव मनोज कुमार, निदेशक शशि प्रकाश सिंह, रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार, प्रबंध निदेशक कृतिश्री जी, उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज, उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यर्थी, उपायुक्त रामगढ़ चन्दन कुमार एवं उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्र ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से सभी को नूतन वर्ष की बधाई एवं मंगलकामनाएं दीं।

# सिडनी टेस्ट में भारत 145 रन से आगे




एजेंसी

**सिडनी :** भारत ने यहां शनिवार को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 141 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा 8 और वाशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत के अपनी पहली पारी में 185 रन बनाए थे, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रनों पर सिमट गई और भारत को पहली पारी के आधार पर 4 रनों की बढ़त हासिल हुई। दूसरी पारी में भारत को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने सधी शुरूआत दिलाई। यशस्वी जायसवाल ने मिचेल स्टॉर्क को पहले ही ओवर में 4 चौके जड़ दिये। दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। इसी स्कोर पर बोलैंड ने केएल राहुल (13) को बोल्ड कर भारत को पहला झटका दिया। राहुल के आउट होने के बाद जायसवाल भी चलते बने। 47 के कुल स्कोर पर बोलैंड ने उन्हें बोल्ड कर दिया। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और 59 के कुल स्कोर पर केवल 6 रन बनाकर बोलैंड का तीसरा शिकार बने। 78 के कुल स्कोर पर शुभमन गिल वेबस्टर को बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में एलेक्स कैरी को कैच थमा बैठे।

**पंत ने 28 गेंदों में पूरा किया अपना अर्द्धशतक**

**दूसरी** ओर पंत ने अपने चिर-परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करनी शुरू की और केवल 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मिचेल स्टॉर्क की गेंद पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और अगली ही गेंद पर एक और जोरदार छक्का जड़ा। 124 के कुल स्कोर पर पैट कमिंस ने पंत की इस आतिशी पारी का अंत किया। पंत ने केवल 33 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्कों की बदौलत 61 रन बनाए। पंत के आउट होने के बाद नीतीश रेड्डी भी कुछ खास नहीं कर सके और 129 के कुल स्कोर पर केवल 4 रन बनाकर बोलैंड का चौथा शिकार बने। इसके बाद सुंदर (नाबाद 6) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 8) ने दिन का खेल समाप्त होने तक कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दिन के खेल की समाप्ति पर भारत ने 6 विकेट पर 141 रन बना लिए हैं। भारत की कुल बढ़त 145 रनों की हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में स्टॉक बोलैंड ने 4, पैट कमिंस और वेबस्टर ने 1-1 विकेट लिया।

**ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 पर सिमटी, ब्यू वेबस्टर का अर्द्धशतक**

**इससे** पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए ब्यू वेबस्टर ने सर्वाधिक 57 रन बनाए। वेबस्टर के अलावा स्टीवन स्मिथ ने 33, सैम कोंस्टास ने 23 और एलेक्स कैरी ने 21 रन बनाए। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 3-3, जबकि जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्डी ने 2-2 विकेट लिया।

**भारत की पहली पारी 185 रन पर सिमटी**

**इससे** पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 185 रन बनाए। भारत के लिए ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। पंत के अलावा रवींद्र जडेजा ने 26, कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 22 और शुभमन गिल ने 20 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्कॉट बोलैंड ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। बोलैंड के अलावा मिचेल स्टॉर्क ने तीन, पैच कमिंस ने 2 और नाथन लियोन ने 1 विकेट लिया।

## एक झलक

### कोहली के आउट होने पर गुस्से से तिलमिलाई अनुष्का

**मुंबई :** बालीबुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बॉलीवुड के चर्चित कपल्स में शुमार हैं। इसी बीच अनुष्का ने फिर से सुर्खियां बटोरनी शुरू कर दी हैं। सोशल मीडिया पर अनुष्का की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें वे गुस्से में दिखाई दे रही हैं। दरअसल इन दिनों विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच सीरीज के लिए खेल रहे हैं। सिडनी में चल रहे मैच में कोहली पूरे जोश के साथ मैदान पर उतरे थे हालांकि कोहली 17 रन बनाते ही आउट हो गए। इसके बाद अनुष्का का रिएक्शन कैमरे पर कैद हो गया जो बेहद ही गुस्से वाला है। विराट के आउट होते ही अनुष्का शर्मा के तेवर पूरी तरह बदल गये। तस्वीर में अनुष्का को देखकर लग रहा है कि जैसे उनका खून खौल रहा है। इस दौरान अनुष्का शर्मा के साथ उनके देवर विकास कोहली भी मौजूद थे। अब अनुष्का शर्मा का रिएक्शन सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग कह रहे हैं कि आउट होने के बाद कोहली की खैर नहीं... कोहली ने आउट होकर अनुष्का शर्मा का दिल तोड़ दिया। गौरतलब है कि इस समय विराट कोहली गेम में खास प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।

### रोहित के साथ दिखायी दी मिस्ट्री गर्ल, सोशल मीडिया में उठे सवाल कौन है कौन

**नयी दिल्ली :** रोहित शर्मा सिडनी टेस्ट मैच में नहीं खेल रहे हैं। भारतीय कप्तान सीरीज के आखिरी और निर्णायक टेस्ट में क्यों नहीं खेल रहे हैं, इस पर उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। रोहित ने बताया कि उनके बल्ले से रन नहीं आ रहे थे इसलिए उन्होंने खुद ही टेस्ट में नहीं खेलने का फैसला लिया है। इस बीच रोहित को सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन ड्रेसिंग रूम में मिस्ट्री गर्ल के साथ देखा गया। रोहित उस मिस्ट्री गर्ल से बातें करने में लगे हुए थे। इसके बाद लोगों के बीच ये चर्चा शुरू हो गई कि ये मिस्ट्री गर्ल आखिर है कौन? और भारतीय ड्रेसिंग रूम में कैसे पहुंच गयी। दरअसल रोहित के साथ दिखी महिला का नाम रजल अरोड़ा है। रजल टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा हैं। वे टीम में एकमात्र महिला सदस्य हैं। रजल टीम इंडिया की जनसंपर्क अधिकारी हैं। वे मीडिया और टीम इंडिया के क्रिकेटर्स के बीच तालमेल बैठाती हैं।

### भारतीय टीम की हालत से दुखी होंगे द्रविड़

**सिडनी :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे राहुल द्रविड टीम की अभी की हालत देखकर दुखी होंगे। उन्होंने विश्व विजेता के तौर पर टीम को छोड़ा था और उनके जाने के बाद टीम की क्या हालत हो गयी। वह श्रीलंका में एकदिवसीय हारी जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर उसे 3-0 से हार टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। अब ऑस्ट्रेलिया में 1-2 से पिछड़ी हुई है, जबकि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले से तकरीबन बाहर हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर रोहित शर्मा भी सोच रहे होंगे कि अगर द्रविड़ एक साल और कोच रहते तो अच्छा रहता। द्रविड़ के कोच रहते भारतीय टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था और वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप, एकदिवसीय विश्वक के फाइनल में पहुंची थी जबकि टी20 विश्वकप उसने जीता था।

## फरवरी में सभी प्रारूपों की श्रृंखला के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगा जिम्बाब्वे



एजेंसी

**बुलावायो :** जिम्बाब्वे फरवरी में आयरलैंड की मेजबानी करेगा, जिसमें सात मैचों का ऑल-फॉर्मेट दौरा शामिल है। यह दौरा 6 से 10 फरवरी तक बुलावायो में एकमात्र टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा, उसके बाद हरारे में व्हाइट-बॉल लेग खेला जाएगा। टीमें 14, 16 और 18 फरवरी को तीन वनडे और 22, 23 और 25 फरवरी को इतने ही टी20 मैच खेलेंगी। मूल रूप से, इस श्रृंखला को आईसीसी पुरुष भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में छह व्हाइट-बॉल खेलों के साथ दो टेस्ट के लिए चुना गया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। जिम्बाब्वे वर्तमान में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने बहु-प्रारूप घरेलू श्रृंखला के अंतिम चरण में है, जहां उन्होंने क्रमशः टी20आई और वनडे सीरीज 2-1 और 2-0 से गंवा दी और उच्च स्कोरिंग, बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट में ड्रॉ हासिल किया। यह दौरा 6 जनवरी को चल रहे दूसरे टेस्ट के साथ समाप्त होगा। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर मकोनी ने बैक-टू-बैक पूर्ण दौरों की मेजबानी के महत्व पर जोर दिया।

## खेल रत्न सम्मान उनके करियर की बड़ी उपलब्धि : हरमनप्रीत



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने को भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपनी 'शानदार यात्रा' की मान्यता बताया है। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीम के साथियों को दिया और कहा कि उनकी यह यात्रा टीम के सामूहिक प्रयासों से ही संभव हो पाई है। पंजाब के अमृतसर के टिम्मोवाल गांव के किसान परिवार से आने वाले हरमनप्रीत ने 2014 में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने अब तक अपने करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और तोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय टीम को सफलता दिलाई। इसके अलावा उन्होंने 2016 जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य पदक, और चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते हैं। हरमनप्रीत को एफआईएच द्वारा तीन बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी मिल चुका है। लेकिन वह इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि वह अपने करियर में अभी भी बहुत कुछ हासिल करना चाहते हैं। उनकी अगली बड़ी चुनौती अगले साल बेल्जियम में होने वाला हॉकी विश्व कप है। हरमनप्रीत ने कहा, हमने ओलंपिक में लगातार पदक जीते हैं, लेकिन अब हमारा मुख्य लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है।

## सीबीए प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुने गये जू जी और केनेथ लॉफ्टन



एजेंसी

**बीजिंग :** ग्वांगडोंग सदर्न टाइगर्स के पॉइंट गार्ड जू जी और शंघाई शार्क्स के पावर फॉरवर्ड केनेथ लॉफ्टन को शुक्रवार को चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) लीग का प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुना गया है। ग्वांगडोंग टीम के लिए चोटों और अधूरे रोस्टर के बावजूद, जू ने दिसंबर 2024 में 14 मैचों में 39 मिनट प्रति गेम में औसतन 19.3 अंक, 4.0 रिबाउंड, 7.9 असिस्ट और 1.9 स्टील के साथ अपनी टीम की मदद की। उन्होंने इस दौरान औसतन 3-पॉइंट रेंज से 3.2 शॉट लगाए। लॉफ्टन ने प्रति गेम 31 मिनट में 23.7 अंक, 12.8 रिबाउंड, 7.1 असिस्ट, 1.6 स्टील और 1.3 ब्लॉक के प्रभावशाली आँकड़ों के साथ विदेशी खिलाड़ी श्रेणी के लिए सम्मान जीता। उन्होंने 12 मैचों में आठ डबल-डबल और दो ट्रिपल-डबल हासिल किए। लॉफ्टन के हरफनमौला प्रदर्शन से प्रेरित होकर, शंघाई, जो कभी अपने शुरूआती 11 मैचों में से 10 हारने के बाद 20-टीम सीबीए स्टैंडिंग में सबसे नीचे बैठा था, 24वें राउंड तक 11 गेम की जीत की लकीर पर सवार है, और दिसंबर में इसका 11-1 रिकॉर्ड लीग में सर्वश्रेष्ठ था।

## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस में जोकोविच को ओपेल्का ने सीधे सेटों में हराया



एजेंसी

**ब्रिस्बेन :** नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में राइली ओपेल्का के खिलाफ सीधे सेटों में 6-7, 3-6 से हार मिली। अमेरिका के ओपेल्का ने 16 ऐस लगाकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। 47 साल के जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए इस टूनार्मेंट में खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरूआत 12 जनवरी से होगी और जोकोविच इसके 10 बार के चैम्पियन रहे हैं। ओपेल्का ने फरवरी 2022 में सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग 17 हासिल की है। कूल्हे की सर्जरी के कारण खेल से दूर रहने के कारण उनकी मौजूदा रैंकिंग 293 है। ओपेल्का के सामने सेमीफाइनल में जी एमपेत्शी पेरीकार्ड की चुनौती होगी। पेरीकार्ड ने याकूब मेनसिक को 7-5, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जिरी लेहेका का मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। लेहेका ने निकोलस जैरी को 6-4, 6-4 से हराया और जॉर्डन थॉम्पसन के रिटायर होने पर दिमित्रोव ने अंतिम चार में जगह बनाई।

## ह्यूबर्ट हर्काज, स्विएटेक ने पोलैंड को यूनाइटेड कप के फाइनल में पहुंचाया




एजेंसी

**सिडनी :** इगा स्विएटेक ने शनिवार को सिडनी में सेमीफाइनल मुकाबले में अपने सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों में से एक एलेना रयबाकिना पर कड़ी जीत के साथ पोलैंड को लगातार दूसरे यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचा दिया। शीर्ष 10 खिलाड़ियों और ग्रैंड स्लैम चैंपियन के बीच मुकाबले में, स्विएटेक ने कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को 7-6(5), 6-4 से हराया, जिससे 2024 के फाइनलिस्ट के लिए 2-0 की अजेय बढ़त हासिल हुई। इससे पहले, ह्यूबर्ट हर्काज ने अलेक्जेंडर शेवचेंको पर शानदार जीत के साथ पोलैंड को 1-0 की बढ़त दिलाकर स्विएटेक के निर्णायक प्रदर्शन के लिए मंच तैयार किया। एलेना रयबाकिना, उन कुछ खिलाड़ियों में से एक हैं जो लगातार पांच बार की प्रमुख चैंपियन स्विएटेक को चुनौती देती हैं, शनिवार के मैच में एक मजबूत रिकॉर्ड के साथ उतरीं, उन्होंने अपने पिछले छह मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की थी। 2022 विंबलडन चैंपियन ने शुरूआत में ही अपनी खास ताकत का प्रदर्शन किया, और 5-3 की बढ़त हासिल की, जबकि स्विएटेक कई फोरहैंड त्रुटियों से जूझ रही थीं। चुनौतियों का सामना करते हुए, स्विएटेक ने अपनी लय पाई, रैलियों में गति बढ़ाई और खेल के अपने चौथे ब्रेक पॉइंट पर 5-5 से वापसी की। स्विएटेक ने फिर 6-5 पर दो सेट पॉइंट अर्जित किए, लेकिन राइबाकिना ने संघर्ष किया और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया। टाई-ब्रेक एक बैक-एंड-फॉरवर्ड मामला था, जिसमें पहले आठ अंक रिटर्नर के पास गए। हालांकि, रयबाकिना की लगातार दो बैकहैंड त्रुटियों ने स्विएटेक को सेट पॉइंट की एक और जोड़ी दी। स्विएटेक ने आखिरकार अपने चौथे अवसर का फायदा उठाया, 72 मिनट के गहन खेल के बाद शुरूआती सेट को अपने पक्ष में समाप्त किया। दूसरे सेट में स्विएटेक ने शुरूआती दो ब्रेक मौके गंवाए लेकिन लव ब्रेक के साथ नियंत्रण हासिल कर 4-3 की बढ़त बना ली। बेहतरीन डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए स्विएटेक

## लेब्रोन जेम्स ने माइकल जॉर्डन के सबसे ज्यादा 30-पॉइंट गेम का रिकॉर्ड तोड़ा



एजेंसी

**लॉस एंजिल्स :** लेब्रोन जेम्स ने शुक्रवार रात अटलांटा के खिलाफ लॉस एंजिल्स लेकर्स के मैच के दौरान माइकल जॉर्डन के 30 अंकों के एनबीए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। 5:58 मिनट शेष रहते जेम्स ने अपने करियर में 563वीं बार नियमित सत्र में कम से कम 30 अंक बनाए, जिसने 2003 में जॉर्डन द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जॉर्डन ने 15 सत्रों में 1,072 करियर खेलों में रिकॉर्ड बनाया, जबकि जेम्स ने 22 सत्रों में अपनी 1,523वीं उपस्थिति में यह रिकॉर्ड तोड़ा। जेम्स ने ओहियो के अक्रोन में अपने बचपन के दौरान जॉर्डन को अपना आदर्श माना, और जब उन्होंने मार्च 2019 में एनबीए की करियर स्कोरिंग सूची में जॉर्डन को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया, तो उस पल ने उन्हें लेकर्स की बेंच पर आंसू बहाए। संयोग से, जेम्स ने हॉक्स से लेकर्स की यात्रा के दौरान एनबीए के इतिहास में नियमित सत्र में खेले गए चौथे सबसे अधिक मैचों के डर्क नोवित्स्की (1,522) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

## लीजेंड 90 लीग
## हरियाणा ग्लेडिएटर्स में शामिल हुए हरभजन




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह फरवरी से शुरू हो रहे लीजेंड 90 लीग में हरियाणा ग्लेडिएटर्स की तरफ से जादू बिखेरते नजर आएंगे। 103 टेस्ट और 236 एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके हरभजन का अनुभव निश्चित तौर पर ग्लेडिएटर्स के बहुत काम आने वाला है। इसके अलावा टीम में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेन डंक, श्रीलंकाई ऑलराउंडर असेला गुणरत्ने और गेंदबाज पवन सुयाल, अनुरीत सिंह और प्रवीण गुप्ता को भी शामिल किया गया है। हरियाणा ग्लेडिएटर्स का स्वामित्व रियल स्टेट की अग्रणी फर्म शुभ इंफ्रा के पास है। टीम के बारे में शुभ इंफ्रा के निदेशक हरीश गर्ग ने एक बयान में कहा कि हरियाणा ग्लेडिएटर्स साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के मूल्यों पर बनी है। हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि हरभजन सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी के नेतृत्व में हमारी टीम सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी। शुभ इंफ्रा के निदेशक सनी सहगल ने कहा कि हमारी टीम युवा ऊर्जा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है। इस लीग का अनूठा प्रारूप क्रिकेट को अलग तरह से परिभाषित करने का एक बेहतरीन मंच है और ऐसे में इस यात्रा का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। इससे पहले पिछले महीने हरियाणा ग्लेडिएटर्स ने अपनी टीम के लोगो का अनावरण किया था। दहाड़ते हुए शेर से सजा लोगो साहस, शक्ति और लचीलेपन की शानदार छवि दर्शाता है। लीजेंड 90 लीग 90 बॉल क्रिकेट का ऐसा ताबड़तोड़ प्रारूप है, जो न केवल क्रिकेट को नए तौर पर परिभाषित करता है, बल्कि क्रिकेट के पूर्व दिग्गजों का ऐसा उत्सव है।

## सिद्धू ने की रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने की आलोचना



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के निर्णायक टेस्ट मैच से रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने के फैसले की पूर्व भारतीय क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने आलोचना की है। कप्तान रोहित शर्मा ने सिडनी टेस्ट में आराम करने का विकल्प चुना, और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तानी सौंपी गई। हालांकि, सिद्धू ने इस निर्णय को भारतीय क्रिकेट इतिहास में अभूतपूर्व बताते हुए इसे गलत संदेश देने वाला कदम करार दिया। सिद्धू का मानना है कि कप्तान को कभी भी बीच सीरीज में नहीं हटाया जाना चाहिए और न ही उसे बाहर होने का विकल्प दिया जाना चाहिए। उन्होंने मार्क टेलर और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे पिछले कप्तानों का उदाहरण देते हुए कहा कि खराब फॉर्म के बावजूद उन्हें कप्तानी का समर्थन मिला था। सिद्धू ने कहा कि रोहित शर्मा भी ऐसे ही सम्मान और समर्थन के हकदार हैं।

# सिडनी टेस्ट से इसलिए हट गया, क्योंकि मेरे बल्ले से रन नहीं निकल रहे थे : रोहित शर्मा



एजेंसी

**सिडनी :** भारत के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने महत्वपूर्ण सिडनी टेस्ट से अपने बाहर होने को लेकर कहा कि उन्होंने कोच और चयनकर्ता से बात करने के बाद यह फैसला किया। रोहित ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान प्रसारणकताओं से कहा, ₹कोच और चयनकर्ता के साथ मेरी बातचीत बहुत साधारण थी - मेरे बल्ले से रन नहीं आ रहे थे, फॉर्म में नहीं हूं और यह एक महत्वपूर्ण मैच है इसलिए हमें फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों की जरूरत है। आप टीम में कई खराब फॉर्म वाले खिलाड़ियों को नहीं रख सकते। उन्होंने कहा, यह सरल पहलू मेरे दिमाग में चल रहा था। इसलिए मुझे लगा कि मुझे कोच और चयनकर्ता को यह बताना चाहिए... कि मैं इस तरह से सोच रहा हूं। उन्होंने मेरे फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आप इतने सालों से खेल रहे हैं, आप जानते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। मेरे लिए यह एक कठिन निर्णय था, लेकिन यह एक समझदारी भरा निर्णय भी था। मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहता था। अभी इस समय केवल यही सोचना था कि टीम को क्या चाहिए। भारत मेलबर्न में मनोबल तोड़ने वाली हार के बाद सिडनी पहुंचा, जहां उसने मैच ड्रा करने और अंतिम मैच में बराबरी पर रहने का मौका गंवा दिया। भारत ने अपने आखिरी सात विकेट 34 रन पर गंवा दिए और अंतिम सत्र में ढेर हो गया और मेजबान टीम को 2-1 से सीरीज में बढ़त दिला दी। रोहित, जिन्होंने शीर्ष क्रम में वापसी करने का फैसला किया, लगातार असफल रहे और उन्होंने 3 और 9 रन बनाए। उन्होंने सीरीज की कुल पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए। रोहित ने कहा, यह फैसला मैंने यहां पहुंचने के बाद लिया क्योंकि खेल खत्म होने के बाद हमारे पास बीच में केवल तीन दिन थे। उसमें भी एक दिन नया साल था। मैं नए साल पर कोच और चयनकताओं को इस फैसले के बारे में नहीं बताना चाहता था। लेकिन मेरे दिमाग में यह चल रहा था कि मैं बहुत कोशिश कर रहा हूं लेकिन यह मेरे लिए नहीं हो रहा है। इसलिए मुझे यह स्वीकार करना पड़ा कि यह नहीं हो रहा है और मेरे लिए इससे अलग होना महत्वपूर्ण था। रोहित के लिए यह कठिन फैसला काफी आत्म-जागरूकता के साथ आया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वह अभी भी खेल से बाहर नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा, यह निर्णय संन्यास का निर्णय नहीं है। न ही मैं खेल से अलग होने जा रहा हूँ। मैं इस टेस्ट से बाहर हो गया क्योंकि बल्ला अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था... इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मैं दो या पाँच महीने बाद रन नहीं बना पाऊँगा। हमने क्रिकेट में यह अक्सर देखा है कि हर मिनट, हर सेकंड, हर रोज ज़िंदगी बदलती है। इसलिए मुझे खुद पर भरोसा है कि चीजें बदलेंगी। साथ ही, मुझे यथार्थवादी भी होना होगा।



इटली की जैस्मीन पाओलिनी के लिए अपने पैरों के बीच एक शॉट खेला।

## एक झलक

### दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला का निधन

**टोक्यो :** दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान तोमिको इतूका का 116 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी मौत 29 दिसंबर को ह्योगो प्रांत के एक नर्सिंग होम में हुई। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को उनकी मौत की पुष्टि की। इतूका का जन्म 23 मई, 1908 को पश्चिमी जापान के आशिया शहर में हुआ था। वह 3 भाई-बहनों में सबसे बड़ी थीं। इतूका की शादी 20 साल की उम्र में हुई थी। उनके 4 बच्चे और 5 पोते-पोतियां हैं। इतूका के पति का निधन साल 1979 में हुआ था। इतूका की मौत की वजह अत्यधिक उम्र का होना बताया गया।

### ट्रम्प को 10 को सुनायी जायेगी सजा

**वॉशिंगटन :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को शपथ ग्रहण से पहले नई मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ट्रम्प को पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को पैसे देकर चुप कराने के मामले में 10 जनवरी को सजा सुनाई जाएगी। शुक्रवार को इस मामले के जज जुआन मर्चेन ने कहा कि ट्रम्प सजा सुनाए जाने के वक्त व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअली कोर्ट में पेश हो सकते हैं।

### जॉनसन बने हाउस ऑफ रेप्रेसेंटेटिव के स्पीकर

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रेप्रेसेंटेटिव में रिपब्लिकन सांसद माइक जॉनसन को फिर से स्पीकर चुन लिया गया। जॉनसन को नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी सपोर्ट हासिल था। हालांकि ट्रम्प के सपोर्ट के बाद भी उन्हें जीत के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# पंजाब कांग्रेस ने दिल्ली के लोगों को आप के झूठे वादों के खिलाफ चेताया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पंजाब प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नेतृत्व में वहां के कांग्रेस पार्टी से सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों ने शनिवार को दिल्ली में विजय चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथ में प्लेकार्ड थाम रखा था, जिस पर लिखा था, 'पंजाब की महिलाओं को देकर धोखा, झूठे मांग रहे दिल्ली में मौका।'

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में राजा वडिंग ने कहा कि यह प्रदर्शन दिल्ली के लोगों को आम आदमी पार्टी (आआपा) के झूठे वादों के प्रति सचेत करने के लिए है। उन्होंने कहा कि आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पौने तीन साल पहले पंजाब की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। अब वह दिल्ली की महिलाओं को हर माह 2100 रुपये देने का वादा कर रहे हैं, इसलिए दिल्ली के मतदाताओं उनके झांसे में आने की जरूरत नहीं है। पंजाब कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि केजरीवाल ने सूबे के लोगों से जो चुनावी वादे किए थे, उन्हें पौने तीन साल से लोग पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। उन वादों पर लोगों ने भरोसा कर विधानसभा में 92 सीटें उन्हें दीं। आआपा का नारा था कि पंजाब बदलेगा, इस पर लोगों ने भरोसा किया लेकिन वो ठगे गए। उनके साथ वादा दर वादा ही किया गया। आआपा ने सूबे की महिलाओं को 1100 रुपये हर माह देने का वादा किया लेकिन यह आज तक पूरा नहीं हुआ। अब ऐसा ही वादा दिल्ली की महिलाओं के साथ कर रहे हैं। दिल्ली में वो 2100 रुपये हर माह देने का वादा कर रहे हैं। यह धन कहां से आएगा, इसका उनके पास ठोस जवाब नहीं है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप कहते हैं कि उपराज्यपाल आपको कुछ नहीं करने देते लेकिन पंजाब में ऐसा कोई मुद्दा नहीं था। फिर भी आपने 3 साल पहले महिलाओं को मिलने वाले हर महीने 1000 रुपये नहीं दिए। हम यहां दिल्ली की महिलाओं को यह बताने आए हैं कि पंजाब की महिलाएं कैसे ठगी हुई महसूस कर रही हैं। आआपा के पास 2100 रुपये देने का क्या प्रावधान है? केजरीवाल की लगातार घोषणाएं दिखाती हैं कि उन्हें डर है कि वे दिल्ली चुनाव हारने वाले हैं। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि पंजाब के सारे कांग्रेस नेता दिल्ली विधानसभा के चुनाव प्रचार में आएंगे।

■ केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचीं पंजाब की महिलाएं हिरासत में







### प्रदर्शन कर रहीं महिलाएं हिरासत में

**उधर,** पंजाब से बड़ी संख्या में आई महिलाएं शनिवार को दिल्ली में केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचीं लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में इन महिलाओं ने केजरीवाल और आआपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। महिलाओं ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब की महिलाओं को एक-एक हजार रुपये हर माह देने का वादा किया था लेकिन अभी तक उन्हें पैसे नहीं मिले हैं। उनका कहना है कि केजरीवाल अब दिल्ली की महिलाओं को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने का ऐलान किया है।

# डीयू के नये कॉलेज का नाम सावरकर पर रखने से केवल औपनिवेशिक मानसिकतावालों को आपत्ति : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नए कॉलेज का नाम स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के नाम पर रखने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति की सराहना की। वहीं इस फैसले का विरोध करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि केवल औपनिवेशिक मानसिकता रखने वालों को इससे आपत्ति है।

केंद्रीय मंत्री प्रधान डीयू के कन्वेंशन हॉल में दिल्ली विश्वविद्यालय फाउंडेशन के प्रथम 'समर्पण समारोह' को संबोधित कर रहे थे। प्रधान ने कहा कि डीयू के इतिहास में दानियों के 'समर्पण समारोह' का आयोजन पहली बार हुआ। उन्होंने कहा कि आज यह आयोजन बीज रूप में है, लेकिन एक दिन यह वट वृक्ष बनेगा। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने डीयू फाउंडेशन की 'सशक्त बेटी' और 'ई-दृष्टि' नामक दो परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सशक्त बेटी परियोजना का लक्ष्य विश्वविद्यालय में पढ़ रही उन छात्राओं को लैपटॉप प्रदान करके सशक्त बनाना है, जो या तो अनाथ हैं या 4 लाख रुपये से कम पारिवारिक आय वाली एकल बेटी संतानें हैं। इसके तहत विश्वविद्यालय की छात्राओं और दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को लैपटॉप और टैबलेट का वितरण भी किया। इस अवसर पर 300 लैपटॉप और 300 टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय को पूर्णतः समर्पित एक एम्बुलेंस का अनावरण एवं 'कमेमोरेटिव वॉल्यूम ऑफ डोनर्स क्रॉनिकल, 2024' का विमोचन भी किया गया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने रोशनपुरा में बनने वाले कॉलेज का नाम वीर सावरकर के नाम पर रखने के लिए डीयू का धन्यवाद करते हुए कहा कि सावरकर का देशभक्त के रूप में अपना एक रास्ता था।



■ डीयू फाउंडेशन के समर्पण समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने बांटे लैपटॉप और टैब

### दिल्ली सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में आआपा सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा था कि दिल्ली में गंभीर आपदा आई हुई है। दिल्ली की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। दिल्ली लगातार घाटे में जा रही है। केंद्र सरकार से जो सहायता मिलती है उस पर निर्भरता लगातार बढ़ती जा रही है। आज केंद्र सरकार से मिलने वाला फंड 3 गुना से अधिक हो गया है।

## सेप्टिक टैंक में मिले चार लोगों के शव पुलिस ने जतायी हत्या की आशंका

एजेंसी

**सिंगरौली :** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में शनिवार को बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मकान के पीछे स्थित सेप्टिक टैंक में चार लोगों के शव मिले हैं। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव क्षतझ्रविक्षत हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल शवों की पहचान नहीं हो सकी है।

बरगवा थाना क्षेत्र के हिंडाल्को गेट नंबर-3 के पास आज दोपहर में एक मकान के पीछे बने सेप्टिक टैंक से बदबू आने के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस ने जांच की तो उसमें से चार लोगों का शव मिले। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि यह हत्या का मामला हो सकता है। घटनास्थल पर जांच टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रही है और मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

